शनिवार, 6 सितम्बर 2025

मौसम

तापमान 26 – 34
आर्द्रता 76%
सूर्योदय: 5:20 सूर्यास्त: 17:51

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मुश्किलें उसी को आजमाती हैं जिसमें जीतने की क्षमता होती है।



चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती : प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है: ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, ''लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।'' यह बात ऐसे समय में कही गई है जब अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) को लेकर भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय में संभवतः सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ट्रंप का यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिन पहले चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गर्मजोशी से हुई बातचीत ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, ''लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। साथ में उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो!'' ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में खटास आ गई है, जिसमें रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से लागू हो चुका है। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को ''अनुचित और अविवेकपूर्ण'' बताया है और ऐसा किये जाने को लेकर आश्चर्य जताया। हैरानी की बात है कि अमेरिका ने रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक चीन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की है।

## भारत ने पीटर नवारो की टिप्पणियों को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए नयी दिल्ली पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को ''गलत और भ्रामक'' बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हमने नवारो द्वारा दिए गए गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और हम उन्हें स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।'' पिछले सप्ताह, नवारो ने भारत पर ''क्रेमलिन के लिए तेल धन शोधन केन्द्र'' होने का आरोप लगाया था। भारत रूसी हथियार खरीदना जारी रखे हुए है, जबकि उसने अमेरिकी रक्षा कम्पनियों से संवेदनशील सैन्य प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने और भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया था।

पिछले कुछ दिनों में, व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो सहित ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने भारत पर निशाना साधने के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है।

## हम रूसी तेल खरीदना जारी रखेंगे, जीएसटी में सुधारों से टैरिफ का असर कम होगा : वित्त मंत्री



भारत रूसी तेल खरीदना जारी रखेगा और इस बारे में निर्णय पूरी तरह से राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यह साफ किया।एक साक्षात्कार में वित्त मंत्री ने कहा, चाहे वह रूसी तेल हो या कुछ और, हम दरों, लॉजिस्टिक्स या अन्य किसी भी मामले में अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेंगे। तेल एक बड़ी विदेशी मुद्रा से जुड़ी वस्तु है। ऐसे में हम अपना तेल कहां से खरीदते हैं, यह एक ऐसा निर्णय है, जो हम सबसे अधिक उपयुक्त चीजों को ध्यान में रखकर लेते हैं। इसलिए, हम निस्संदेह रूसी तेल खरीदेंगे। सीतारमण ने यह भी कहा कि जीएसटी जैसे सुधार से टैरिफ से जुड़ी कई चिंताएं दूर हो जाएंगी। 50 प्रतिशत टैरिफ का सामना कर रहे उद्योगों को मदद का आश्वासन देते हुए, सीतारमण ने कहा, हम उन लोगों की मदद के लिए कुछ न कुछ लेकर आएंगे जो इससे प्रभावित हुए हैं। पैकेज में कई तरह के उपाय शामिल हैं, और निश्चित रूप से उनकी मदद के लिए कुछ न कुछ आ रहा है।

## एसएससी ने राज्य के स्कूलों में 35,726 शिक्षक पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) ने शुक्रवार को राज्य सरकार द्वारा संचालित माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में 35,726 शिक्षक पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना प्रकाशित की। एक अधिकारी ने बताया कि डब्ल्यूबीएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध नोटिस में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए पदों के अलावा राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार 17 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि कुल 35,726 शिक्षक पदों में से ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए 12,514 और नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए 23,212 शिक्षकों की भर्ती की जानी हैं। यह अधिसूचना हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगाने के बाद आई है, जिसमें राज्य की ओबीसी नीति के तहत स्कूली शिक्षकों की नियुक्तियों को चुनौती दी गई थी।

## 'स्मार्ट' कक्षाओं और ब्लैकबोर्ड से ज्यादा जरूरी है 'स्मार्ट' शिक्षक : राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में 'स्मार्ट ब्लैकबोर्ड', 'स्मार्ट क्लासरूम' और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण चीज 'स्मार्ट' शिक्षक हैं। एक शिक्षिका के रूप में अपने समय को याद करते हुए उन्होंने इसे अपने जीवन का बहुत ही सार्थक काल बताया। मुर्मू विज्ञान भवन में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थीं, जहां उन्होंने 60 से अधिक शिक्षकों को शिक्षण और सीखने में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा, ''स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व है। लेकिन सबसे ज़रूरी है स्मार्ट शिक्षक... स्मार्ट शिक्षक वे शिक्षक होते हैं जो अपने छात्रों के विकास की ज़रूरतों को समझते हैं। स्मार्ट शिक्षक स्नेह और संवेदनशीलता से पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''ऐसे शिक्षक छात्रों को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाते हैं। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करने का काम करते हैं।'' मुर्मू ने कहा कि विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करना शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, ''नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, ज़िम्मेदार और समर्पित छात्र, उन छात्रों से बेहतर होते हैं जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में ज्ञान के साथ संवेदना भी होती है। संवेदना और ज्ञान का समन्वय छात्रों पर भी प्रभाव डालता है।'' राष्ट्रपति ने कहा, ''सबसे गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी शिक्षा की शक्ति से उन्नति के शिखर को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को शक्ति देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## उद्योगपति सुन्दरलाल दूगड़ का निधन, आज स्मृति सभा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सुपरिचित उद्योगपति तथा आरडीबी ग्रुप के चेयरमैन श्री सुन्दरलाल दूगड़ का शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। शिक्षा-संस्कृति प्रेमी और समाजसेवी श्री दूगड़ के निधन से कोलकाता के सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्व. मोतीलालजी दूगड़ के सुपुत्र सुन्दरलाल दूगड़ प्रारंभ से ही सामाजिक क्षेत्र की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे तथा जैन समाज समेत कोलकाता तथा देश के अन्य हिस्सों की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी थे। श्री दूगड़ के सुपुत्र विनोद दूगड़ के मुताबिक, आज दोपहर 3 से 5.30 बजे तक 27, बालीगंज पार्क, कोलकाता स्थित गणपति बैंक्वेट्स में स्मृति सभा आयोजित की गई है। श्री दूगड़ की इच्छानुसार उनकी देह तथा उनकी आंखें एसएसकेएम अस्पताल को दान की गईं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे और शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण करने की शक्ति दे।

## भारत में 2022 के बाद सबसे लंबा चंद्रग्रहण सात सितंबर की रात दिखेगा : खगोलविद

**बेंगलुरु :** वर्ष 2022 के बाद भारत में दिखाई देने वाला सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण सात सितंबर की रात को होगा। खगोलविदों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई, 2018 के बाद यह पहली बार होगा जब देश के सभी हिस्सों से पूर्ण चंद्रग्रहण देखा जा सकेगा। भारतीय खगोलीय सोसाइटी (एएसआई) की जनसंपर्क और शिक्षा समिति (पीओईसी) की अध्यक्ष और नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे में एसोसिएट प्रोफेसर दिव्या ओबेरॉय ने कहा, ''आपको इसके बाद इतने लंबे चंद्रग्रहण को देखने के लिए 31 दिसंबर, 2028 तक इंतजार करना होगा।'' ओबेरॉय ने बताया कि ग्रहण दुर्लभ होते हैं तथा हर पूर्णिमा या अमावस्या को नहीं होते, क्योंकि चंद्रमा की कक्षा सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा से लगभग पांच डिग्री झुकी हुई है। चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है, जिससे उसकी छाया चंद्र सतह पर पड़ती है। पीओईसी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक ग्रहण की शुरुआत सात सितंबर को रात 8.58 बजे शुरू होगी।

## जीएसटी सुधारों से सरकार को 3,700 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा: एसबीआई रिपोर्ट

**कोलकाता :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी नवीनतम शोध रिपोर्ट में कहा कि दरों में कमी के जरिये माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार से 3,700 करोड़ रुपये का न्यूनतम राजस्व नुकसान होगा। सरकार का अनुमान है कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का शुद्ध राजकोषीय प्रभाव वार्षिक आधार पर 48,000 करोड़ रुपये होगा। रिपोर्ट के अनुसार, विकास और उपभोग में वृद्धि को देखते हुए न्यूनतम राजस्व हानि 3,700 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इसका राजकोषीय घाटे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। कुछ दिन पहले हुई जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में मौजूदा चार-स्तरीय ढांचे को दो-स्तरीय ढांचे से बदल दिया गया है। इसमें 18 प्रतिशत एवं पांच प्रतिशत की मानक दर और कुछ चुनिंदा वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40 प्रतिशत की अवगुण दर शामिल है।

## इंदौर में विमान में इंजन में खराबी के चलते पायलट ने दिया आपातकालीन संदेश, सभी यात्री सुरक्षित

**इंदौर :** दिल्ली से इंदौर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान में शुक्रवार को हवाईअड्डे पर उतरने के दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने गैर-जानलेवा आपात स्थिति के लिए 'पैन-पैन' का संदेश दिया। हवाई अड्डे के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बाद में विमान सुरक्षित उतर गया। 'पैन-पैन', अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य संकेत है जिसका इस्तेमाल समुद्री और हवाई रेडियो संचार में किया जाता है। विमानन क्षेत्र में इसका मतलब होता है कि स्थिति गंभीर है और तुरंत मदद की जरूरत है, लेकिन यह स्थिति विमान में सवार लोगों की जिंदगी पर सीधे खतरे से नहीं जुड़ी है। जब कोई पायलट 'पैन-पैन' संकेत भेजता है, तो इसका मतलब होता है कि चालक दल को एटीसी या 'ग्राउंड सर्विस' से तुरंत मदद चाहिए। हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''एयर इंडिया एक्सप्रेस के दिल्ली से इंदौर आ रहे विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर हमने तमाम एहतियात बरतते हुए इस वायुयान को इंदौर के हवाई अड्डे पर सुबह 09:55 बजे उतारा। निर्धारित समय के मुताबिक इस विमान को सुबह 09:35 बजे इंदौर हवाई अड्डे पर उतरना था। उन्होंने बताया कि विमान में 161 यात्री सवार थे और लैंडिंग से कुछ समय पहले ही विमान में संभवत: ऑयल फिल्टर से जुड़ी समस्या सामने आई। इसके चलते विमान देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर अपने निर्धारित समय से 20 मिनट देर से उतरा। सेठ ने बताया कि उड़ान संख्या आईएक्स 1028 वाले इस विमान का चालक दल और इसमें सवार सभी 161 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## एसबीआई, बीओआई के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी आरकॉम को 'धोखाधड़ी' वाला घोषित किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित कर दिया है। बैंक ने कंपनी को कुल 2,462 करोड़ की ऋण सुविधा दी थी, जिसमें से 1,656 करोड़ अब भी बकाया है। यह खाता जून 2017 से एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) में दर्ज है। कंपनी पर मार्च 2025 तक लगभग 40,400 करोड़ का कर्ज है और उसके खिलाफ दिवाला कार्यवाही चल रही है। अंबानी के प्रवक्ता ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वह कंपनी के संचालन में शामिल नहीं थे और मामले से संबंधित कानूनी कदम उठाएंगे।

## न्यायपालिका जनता और संविधान के बीच सेतु का काम करती है: सीजेआई बी आर गवई



**नयी दिल्ली :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका लोगों की आकांक्षाओं और संविधान में निहित आदर्शों के बीच एक सेतु का काम करती है। काठमांडू में नेपाल-भारत न्यायिक वार्ता 2025 में सीजेआई गवई ने न्यायपालिका के कार्य को रेखांकित करते हुए कहा कि यह न केवल विवादों को सुलझाने का कार्य है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि व्यवहार में न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए। उन्होंने कहा, दोनों देशों में न्यायपालिका लोगों की आकांक्षाओं और संविधान में निहित आदर्शों के बीच एक सेतु का काम करती हैं। इसका काम न केवल विवादों को सुलझाना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि व्यवहार में न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि समकालीन चुनौतियों के आलोक में कानून की व्याख्या करके अदालतें शासन को बेहतर बनाने का रास्ता दिखा सकती हैं, जनता का भरोसा जीत सकती हैं और इस विचार को सुदृढ़ कर सकती हैं कि लोकतंत्र सिर्फ संस्थाओं पर ही नहीं टिका है, बल्कि उन मूल्यों पर टिका है जिन्हें ये संस्थाएं अपनाती और प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका संरक्षक और उत्प्रेरक दोनों की भूमिका में है, जो समाज की आधारभूत संरचनाओं की रक्षा करती है तथा राष्ट्र के नैतिक और नैतिक ताने-बाने को मजबूत करने वाले सुधारों को प्रोत्साहित करती है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायपालिका की यह उभरती भूमिका उसके पारंपरिक कार्य का एक महत्वपूर्ण विस्तार दर्शाती है जिसे अब तक मुख्य रूप से लिखित कानूनों की सख़्त व्याख्या और लागू कराने के रूप में समझा जाता था।

## विस्फोटकों के साथ 14 'आतंकवादियों' के शहर में घुसने की धमकी के बाद मुंबई पुलिस सतर्क



**मुंबई :** मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक संदेश मिला है जिसमें दावा किया गया है कि 14 आतंकवादी 400 किलोग्राम आरडीएक्स के साथ शहर में घुस आए हैं और उन्होंने इसे वाहनों में रख दिया है, इसके बाद से पुलिस सतर्कता बरत रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गणेश उत्सव के 10वें दिन अनंत चतुर्दशी के लिए पुलिस सुरक्षा इंतजाम कर रही है, इस बीच यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को बृहस्पतिवार को व्हाट्सऐप हेल्पलाइन पर धमकी भरा संदेश मिला। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा ने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है और आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) तथा अन्य एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि संदेश भेजने वाले ने इसमें 'लश्कर-ए-जिहादी' नामक संगठन का नाम लिखा है। उसने दावा किया कि 14 आतंकवादी शहर में घुस आए हैं और उन्होंने 34 वाहनों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स रखा है, जिससे 'देश दहल जाएगा'। मुंबई में 10 दिवसीय गणेश उत्सव मनाया जा रहा है और पुलिस शनिवार को अंतिम दिन शहर की सड़कों पर उमड़ने वाली भीड़ के लिए सुरक्षा व्यवस्था कर रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि यह संदेश किसने भेजा है, साथ ही वह किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठा रही है।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों के खिलाफ अभियान: सरकार ने करीबी नजर रखने की बात कही

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह आस्ट्रेलिया में भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों के संबंध में कैनबरा के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख शहरों में रविवार को प्रवासियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मिशन प्रदर्शनों को लेकर कैनबरा के साथ-साथ प्रवासी भारतीयों के साथ भी करीबी संपर्क में हैं।

# भारतीय छात्रों की अमेरिका में घट रही रुचि, जर्मनी जैसे यूरोपीय देश बन रहे पसंदीदा

### अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदनों में गिरावट

**जर्मनी में 2024-25 के दौरान भारतीय छात्रों के आवेदनों में 32.6% की वृद्धि**



**मुंबई :** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदनों में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की गिरावट आई है, क्योंकि भारतीय छात्र जर्मनी जैसे गंतव्यों को पसंद कर रहे हैं, जहां 2024-25 में 32.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। एडटेक कंपनी अपग्रेड की ट्रांसनेशनल एजुकेशन (टीएनई) रिपोर्ट 2024-25 में कहा गया है कि अमेरिका अब भारतीय छात्रों के लिए स्वभाविक और सबे पसंदीदा शैक्षणिक गंतव्य नहीं रह गया है। इसमें कहा गया कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदनों में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि जर्मनी जैसे यूरोपीय गंतव्यों (2022 के 13.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 32.6 प्रतिशत) और संयुक्त अरब अमीरात (जहां 42 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय छात्र भारतीय हैं) में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया तेजी से भारतीय छात्रों के लिए एक व्यावहारिक और सुलभ विदेश अध्ययन स्थल बनता जा रहा है, जहां वैश्विक परिसरों से डिग्री कार्यक्रम उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया कि दुबई और कतर के एजुकेशन सिटी में जॉर्जटाउन, जॉन्स हॉपकिन्स, आरआईटी, कार्नेगी मेलॉन और वेइल कॉर्नेल सहित अमेरिकी विश्वविद्यालयों के सैटेलाइट परिसर अपने घरेलू संस्थानों के समान ही डिग्री प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 2022 में अमेरिका (19 प्रतिशत) और कनाडा (18 प्रतिशत) भारतीय छात्रों के लिए शीर्ष गंतव्य थे। इसके अनुसार, कि 2023 तक अमेरिका में यह दर लगभग 60 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो कई कारकों के कारण 47 प्रतिशत पर आकर रुक गई। दो साल बाद परिदृश्य बदल गया, क्योंकि यह करियर के लिहाज से उपयुक्त था। ट्रांसनेशनल एजुकेशन (टीएनई) रिपोर्ट 2024-25, जनवरी 2024 से मई 2025 तक आयोजित एक लाख से अधिक उत्तरदाताओं के सर्वेक्षण पर आधारित है जिनमें मुख्य रूप से भारतीय छात्र शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया कि कनाडा में भी आवेदनों में कमी आई है, जो 2022 के 18 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025 में नौ प्रतिशत रह गई है।



## सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन से मिलेगी राहत

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पंसेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है। वहीं कहा जा रहा है कि असंगठित क्षेत्र को जीएसटी कटौती दर का लाभ नहीं मिलेगा। अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। निस्संदेह यह सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। लेकिन यह कितना लाभ आम आदमी को पहुंचाएगा, इस बात पर निर्भर करेगा कि सुधार को कितनी निरंतरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 सितम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 25:38 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 22:43 तक, योग : अतिगंदा, 11:46 तक, सूर्योदय: 5:18, सूर्यास्त: 17:5, चन्द्रोदय : 16:59, चन्द्रास्त: 03:37, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 08:29 से 10:02

## राशिफल

**मेष :** आपका ज्यादा समय सेवा तथा पुण्य के कार्यों में व्यतीत हो सकता है। इनमें आप धन खर्च करना भी पसंद करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी के चलते आपका मन परेशान रह सकता है।

**वृष :** राजनीतिक क्षेत्र में प्रतिद्वंदी आपसे आगे निकलने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन सोच-समझकर फैसले लेने से आप स्थिति को संभाल सकते हैं। धीरे-धीरे सफलता के मार्ग आगे बढ़ते जाएंगे।

**मिथुन :** आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और कामकाज की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। यह दिन आपके लिए भाग्योदय का रहने वाला है।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा लिए गए निर्णय लाभ दिलाने वाले रहेंगे, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और शुभ कार्यों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

**सिंह :** आपका दिन उत्तम रहने वाला है और हर स्थान पर आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर विरोधियों द्वारा आपके लिए बनाई गई योजनाएं असफल रहेंगी।

**कन्या :** दिन थोड़ा चुनौतियों से भरा हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में एक साथ कई जिम्मेदारियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके चलते आपका मन परेशान रहेगा।

**तुला :** नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर ज्यादा मेहनत और प्रयास करने होंगे। लेकिन अधिक श्रम करने के भा आय कम रहने पर मन उदास रहेगा।अधिक परिश्रम से थकान महसूस हो सकती है।

**वृश्चिक :** आपका दिन चुनौतियों से भरा हो सकता है। लेकिन व्यवसाय के मामले में कोई प्रोजेक्ट या सौदा आपके पक्ष में आ सकता है, जिससे थोड़ा सुकून महसूस होगा।


**धनु :** सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहने वाला है और आप सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। समाज में मान-सम्मान में बढ़ेगा और सेहत भी दुरुस्त रहेगी।

**मकर :** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति भी अच्छी बनी रहेगी। आपकी मुलाकात किसी भले व्यक्ति से हो सकती है, जिसके चलते मन प्रसन्न रहेगा।

**कुम्भ :** आपको कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों से अच्छा लाभ प्राप्त होगा और सभी जरूरी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। परिवार में भाइयों से किसी भी बात को लेकर बहस करने से बचना होगा।

**मीन :** नौकरी करने वालों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके सभी जरूरी काम समय पर पूरे होंगे और विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

# हिंदी साहित्य : सांस्कृतिक विविधता का एक जीवंत दर्पण



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

भारत एक ऐसा देश है जहाँ विविधता न केवल भौगोलिक और भाषाई स्तर पर विद्यमान है, बल्कि सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक स्तर पर भी गहराई से व्याप्त है। यह विविधता 'एकता में अनेकता' के सिद्धांत पर आधारित है, जो भारतीय संस्कृति की मूल भावना को दर्शाती है। हिंदी साहित्य, जो भारतीय साहित्य की एक प्रमुख धारा है, इस सांस्कृतिक विविधता का एक जीवंत दर्पण रहा है। हिंदी साहित्य ने विभिन्न कालखंडों में समाज की बहुरंगी छवि को न केवल चित्रित किया है, बल्कि उसे विचारोत्तेजक ढंग से विश्लेषित भी किया है। यह साहित्य प्राचीन वैदिक परंपराओं से लेकर आधुनिक वैश्वीकरण तक की यात्रा में विभिन्न संस्कृतियों के मिश्रण को उजागर करता है, जो सामाजिक समरसता, संघर्ष और परिवर्तन की कहानियाँ कहता है।

हिंदी साहित्य का इतिहास आदिकाल से प्रारंभ होता है, जहाँ अपभ्रंश और प्राकृत भाषाओं में उपलब्ध रचनाएँ क्षेत्रीय विविधताओं को प्रतिबिंबित करती हैं। भक्तिकाल में धार्मिक विविधता का चित्रण प्रमुख है, जहाँ निर्गुण और सगुण भक्ति की धाराएँ विभिन्न वर्गों और जातियों के बीच पुल बाँधती हैं। रीतिकाल में श्रृंगारिक भावनाएँ सांस्कृतिक रूढ़ियों को चुनौती देती हैं, जबकि आधुनिक काल में प्रेमचंद जैसे लेखकों ने ग्रामीण-शहरी, जातीय और लैंगिक विविधताओं को उकेरा है। समकालीन हिंदी साहित्य में वैश्वीकरण के प्रभाव से प्रवासी अनुभव और बहुसांस्कृतिक पहचानें उभर रही हैं।

यह विविधता न केवल साहित्य को समृद्ध करती है, बल्कि समाज को भी विचारोत्तेजक प्रश्नों से रू-ब-रू कराती है: क्या सांस्कृतिक विविधता एकता का आधार है या विभाजन का कारण? क्या साहित्य मात्र चित्रण करता है या परिवर्तन लाता है? इन प्रश्नों के माध्यम से हिंदी साहित्य सामाजिक न्याय, समानता और सांस्कृतिक संरक्षण की बहस को जीवंत रखता है। उदाहरणस्वरूप, कबीर की दोहों में हिंदू-मुस्लिम संस्कृतियों का मिश्रण देखा जा सकता है, जो आज भी साम्प्रदायिक सद्भाव की प्रेरणा देता है। इसी प्रकार, प्रेमचंद की कहानियाँ ग्रामीण भारत की जातीय विविधता को उजागर कर सामाजिक असमानता पर प्रहार करती हैं।

सांस्कृतिक विविधता का चित्रण हिंदी साहित्य में मात्र वर्णनात्मक नहीं है, बल्कि यह विचारोत्तेजक है क्योंकि यह पाठक को अपनी सांस्कृतिक पहचान पर चिंतन करने को बाध्य करता है। भारत जैसे बहुसांस्कृतिक समाज में साहित्य की भूमिका केवल मनोरंजन की नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की है। हिंदी साहित्य के विभिन्न कालखंडों में सांस्कृतिक विविधता के चित्रण का विश्लेषण करना जरूरी है, इससे यह पता चलता है कि कैसे यह विविधता साहित्य को जीवंत और प्रासंगिक बनाती है।

**आदिकाल में सांस्कृतिक विविधता**

हिंदी साहित्य का आदिकाल (लगभग 1000 ई. से 1375 ई. तक) वीरगाथा काल के रूप में जाना जाता है, जहाँ साहित्य मुख्यतः युद्ध, वीरता और राजसी जीवन का चित्रण करता है। इस काल में सांस्कृतिक विविधता क्षेत्रीय और धार्मिक स्तर पर स्पष्ट है। अपभ्रंश भाषा से विकसित इस साहित्य में विभिन्न क्षेत्रों की लोक संस्कृतियाँ मिश्रित हैं। उदाहरणस्वरूप, चंदबरदाई की 'पृथ्वीराज रासो' में राजपूत संस्कृति का चित्रण है, जहाँ वीरता के साथ-साथ लोक परंपराएँ, जैसे त्योहार और रीति-रिवाज, उकेरे गए हैं। यह रचना दिल्ली और अजमेर क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती है, जहाँ हिंदू राजपूतों और मुस्लिम आक्रमणकारियों के बीच संघर्ष है। साथ ही, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के उदाहरण भी देखने को मिलते हैं।

इस काल में सिद्ध और नाथ संप्रदायों का साहित्य भी महत्त्वपूर्ण है। सरहपा और लुइपा जैसे सिद्धों की रचनाएँ बौद्ध और तांत्रिक संस्कृतियों का मिश्रण दिखाती हैं। ये रचनाएँ उत्तर भारत की लोक भाषाओं में लिखी गईं, जो क्षेत्रीय विविधता को प्रतिबिंबित करती हैं। नाथ साहित्य, जैसे गोरखनाथ की 'गोरख बानी', योग और सिद्धांतों के माध्यम से विभिन्न जातियों और वर्गों की सांस्कृतिक एकता पर जोर देता है। यह विचारोत्तेजक है क्योंकि यह काल राजनैतिक अस्थिरता का था, जहाँ तुर्क आक्रमणों से सांस्कृतिक मिश्रण हुआ, लेकिन साहित्य ने इसे वीरता की भावना से जोड़ा। क्या यह विविधता संघर्ष की जननी थी या समन्वय की? साहित्य बताता है कि विविधता ने सांस्कृतिक प्रतिरोध को जन्म दिया।

आदिकाल की एक अन्य रचना 'बिसलदेव रासो' में राजस्थानी संस्कृति का चित्रण है, जहाँ लोक गीत और कथाएँ मिश्रित हैं। यह दिखाता है कि हिंदी साहित्य प्रारंभ से ही विभिन्न क्षेत्रों-जैसे राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश-की सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करता रहा। कुल मिलाकर, इस काल में सांस्कृतिक विविधता मुख्यतः वीरता और लोक परंपराओं के माध्यम से चित्रित हुई, जो समाज की बहुरंगी छवि को उजागर करती है।

**भक्तिकाल में सांस्कृतिक विविधता**

भक्तिकाल (1375 ई. से 1700 ई. तक) हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग माना जाता है, जहाँ सांस्कृतिक विविधता धार्मिक समन्वय के रूप में उभरती है। इस काल में भक्ति आंदोलन ने विभिन्न धर्मों, जातियों और क्षेत्रों को एक सूत्र में बाँधा। निर्गुण भक्ति धारा में कबीरदास की रचनाएँ प्रमुख हैं, जो हिंदू और इस्लामी संस्कृतियों का मिश्रण हैं। कबीर के दोहे, जैसे कबीर पंथी जगत गुरु, गुरु कबीर जगत में, साम्प्रदायिक सद्भाव का प्रतीक हैं। वे जुलाहा समुदाय से थे, लेकिन उनकी रचनाएँ सभी वर्गों की सांस्कृतिक विविधता को संबोधित करती हैं।

सगुण भक्ति में तुलसीदास की 'रामचरितमानस' उत्तर भारत की लोक संस्कृति का चित्रण करती है, जहाँ राम की कथा के माध्यम से विभिन्न त्योहारों, जैसे दीपावली और रामलीला, का वर्णन है। सूरदास की कृष्ण भक्ति में ब्रज संस्कृति की झलक मिलती है, जो ग्रामीण जीवन की विविधता को उकेरती है। मीरा की भक्ति रचनाएँ राजस्थानी संस्कृति और स्त्री स्वर को प्रतिबिंबित करती हैं, जो पितृसत्तात्मक समाज में विद्रोह का प्रतीक हैं। यह विचारोत्तेजक है क्योंकि भक्तिकाल ने जाति-व्यवस्था को चुनौती दी, जैसे रैदास की रचनाएँ दलित संस्कृति को मुख्यधारा में लाती हैं।

इस काल में सांस्कृतिक विविधता का चित्रण समन्वयवादी है, जो मुस्लिम सूफी संतों के प्रभाव से प्रभावित है। नानक की रचनाएँ सिख संस्कृति की नींव रखती हैं, जो हिंदू-मुस्लिम विविधता को एकीकृत करती हैं। कुल मिलाकर, भक्तिकाल में साहित्य ने सांस्कृतिक विविधता को भक्ति की भावना से जोड़कर सामाजिक क्रांति की भूमिका निभाई, जो आज भी प्रासंगिक है।

**रीतकाल में सांस्कृतिक विविधता**

रीतकाल (1700 ई. से 1900 ई. तक) मुख्यतः श्रृंगारिक काव्य का काल है, लेकिन इसमें सांस्कृतिक विविधता क्षेत्रीय और सामाजिक स्तर पर दिखाई देती है। केशवदास की 'रामचंद्रिका' में ब्रज संस्कृति का चित्रण है, जहाँ अलंकारों के माध्यम से लोक जीवन की विविधता उकेरी गई है। बिहारी की दोहावली में अवध की संस्कृति का मिश्रण है, जो मुगल प्रभाव से प्रभावित है।

रीतिमुक्त कवियों में घनानंद की रचनाएँ व्यक्तिगत भावनाओं के माध्यम से सांस्कृतिक संघर्ष को दर्शाती हैं। गुरु गोबिंद सिंह की 'दशम ग्रंथ' सिख संस्कृति और वीरता का चित्रण करती है, जो पंजाबी विविधता को हिंदी में लाती है। यह काल विचारोत्तेजक है क्योंकि यह मुगल शासन के दौरान सांस्कृतिक मिश्रण दिखाता है, जहाँ फारसी प्रभाव हिंदी में घुला। हालांकि, रीतिबद्धता ने विविधता को सीमित किया, लेकिन रीतिमुक्त धारा ने इसे विस्तार दिया।

**आधुनिक काल में सांस्कृतिक विविधता**

आधुनिक काल (1900 ई. से वर्तमान तक) हिंदी साहित्य में सांस्कृतिक विविधता का सबसे व्यापक चित्रण है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र की रचनाएँ राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक जागरण को दर्शाती हैं। प्रेमचंद के 'गोदान' और 'कफन' में ग्रामीण भारत की जातीय और आर्थिक विविधता का यथार्थवादी चित्रण है, जो दलित और किसान संस्कृति को उजागर करता है। यह विचारोत्तेजक है क्योंकि प्रेमचंद ने सामाजिक असमानता पर प्रहार किया, जैसे होरी की कहानी में ब्राह्मण-दलित विविधता।

छायावाद में जयशंकर प्रसाद के महाकाव्य 'कामायनी' में भारतीय मिथकों की विविधता का आधुनिक संदर्भ देखा जा सकता है। निराला की कविताएँ 'राम की शक्तिपूजा' में सांस्कृतिक विरासत को चुनौती देती हैं। महादेवी वर्मा की रचनाएँ स्त्री संस्कृति को केंद्र में लाती हैं। प्रगतिवाद में नागार्जुन और मुक्तिबोध ने मजदूर और किसान विविधता का चित्रण किया है ।

दलित साहित्य में ओमप्रकाश वाल्मीकि की 'जूठन' दलित संस्कृति की पीड़ा को उकेरती है, जो मुख्यधारा की आलोचना करती है। समकालीन साहित्य में उदय प्रकाश की कहानियाँ वैश्वीकरण की सांस्कृतिक विविधता को दिखाती हैं, जहाँ शहरी-ग्रामीण टकराव है। यह काल विचारोत्तेजक है क्योंकि यह सांस्कृतिक विविधता को सामाजिक न्याय से जोड़ता है, जैसे पर्यावरणीय मुद्दों में आदिवासी संस्कृति का चित्रण।

**निष्कर्ष**

हिंदी साहित्य में सांस्कृतिक विविधता का चित्रण एक सतत प्रक्रिया है, जो समाज की बहुरंगी छवि को दर्शाती है। यह न केवल विविधता का उत्सव है, बल्कि संघर्ष और समन्वय की कहानी भी। विचारोत्तेजक रूप से, यह साहित्य हमें पूछता है: क्या विविधता विभाजन है या शक्ति? आज के वैश्वीकृत विश्व में हिंदी साहित्य इस विविधता को संरक्षित कर सामाजिक सद्भाव की दिशा दिखाता है। कुल मिलाकर, यह साहित्य भारतीय संस्कृति की जीवंतता का प्रमाण है।

# अनंत चतुर्दशी: आस्था का महासमुद्र और भक्ति का अनंत प्रवाह



प्रो. आरके जैन अरिजीत

अनंत विश्वास से अनंत विजय तक: जीवन को दिशा देने वाला पर्व अनंत चतुर्दशी का पर्व भारतीय संस्कृति की अमर परंपराओं का एक ऐसा दीपस्तंभ है, जो धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मूल्यों का अनुपम संगम प्रस्तुत करता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की भक्ति और गणेशोत्सव के समापन का प्रतीक है। यह उत्सव आस्था, उल्लास और आत्मचिंतन का एक अनूठा मेल है, जो न केवल ईश्वर से गहरा नाता जोड़ता है, बल्कि जीवन के गहन दार्शनिक प्रश्नों को भी स्पष्टता प्रदान करता है। अनंत चतुर्दशी केवल कर्मकांडों का पर्व नहीं, बल्कि एक ऐसी साधना है, जो मानव को अनंत शक्ति, धैर्य और विश्वास के पथ पर ले जाती है। यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि अनंत आस्था और संयम के बल पर जीवन की हर चुनौती को परास्त किया जा सकता है।

अनंत चतुर्दशी का नाम ही अपने आप में एक गहन आध्यात्मिक संदेश समेटे हुए है। अनंत वह शाश्वत शक्ति है, जो असीम और अविनाशी है-न इसका प्रारंभ है, न अंत। शास्त्रों में भगवान विष्णु को शेषनाग पर विराजमान अनंत स्वरूप में चित्रित किया गया है, जिनके सहस्र फनों पर सृष्टि का संतुलन टिका है। यह चित्रण ब्रह्मांड की अथाह विशालता और अनंत शक्ति के आधार को दर्शाता है। इस दिन बांधा जाने वाला अनंत सूत्र इस असीम शक्ति का प्रतीक है। 14 गांठों से युक्त यह सूत्र जीवन के विविध आयामों-आध्यात्मिक, मानसिक, शारीरिक और सामाजिक-के संतुलन की प्रेरणा देता है। ये 14 गांठें जीवन के 14 चरणों या पहलुओं का प्रतीक हैं, जो हमें हर परिस्थिति में संयम और विश्वास बनाए रखने का संदेश देती हैं। पुरुष इसे दाहिनी और महिलाएं बायीं कलाई पर बांधते हैं, और यह सूत्र तब तक धारण किया जाता है, जब तक यह स्वतः न टूट जाए। मान्यता है कि इस सूत्र के साथ भगवान विष्णु का आशीर्वाद सदा व्रती के साथ रहता है, जो जीवन में शक्ति और स्थिरता प्रदान करता है।

अनंत चतुर्दशी की पूजा विधि अपने आप में अनूठी और गहन आध्यात्मिकता से ओतप्रोत है। प्रभात में स्नान के पश्चात व्रती संकल्प लेकर भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की भक्ति में लीन होते हैं। पूजा में पंचामृत, सुगंधित पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य के साथ श्रद्धा अर्पित की जाती है। अनंत सूत्र को पहले भगवान को समर्पित किया जाता है, फिर उसे पूर्ण भक्ति और विश्वास के साथ कलाई पर धारण किया जाता है। कई क्षेत्रों में अनंत भगवान की कथा सुनने की परंपरा है, जो श्रद्धालुओं के हृदय में विश्वास, धैर्य और साहस का संचार करती है। यह पूजा न केवल व्यक्तिगत आध्यात्मिक साधना को प्रोत्साहित करती है, बल्कि परिवार और समुदाय के बीच एकता का संदेश भी देती है। इस दिन परिवार एक साथ पूजा में संलग्न होते हैं, जिससे आपसी प्रेम और बंधन और सुदृढ़ होते हैं।

अनंत चतुर्दशी का एक और महत्वपूर्ण आयाम है गणेश विसर्जन, जो इस पर्व को भव्यता और उल्लास का प्रतीक बनाता है। महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और दक्षिण भारत के अनेक क्षेत्रों में गणेशोत्सव का समापन इस दिन होता है। लाखों भक्त ढोल-नगाड़ों, भक्ति भजनों और नृत्य के साथ गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के उद्घोष के बीच गणेश प्रतिमाओं को नदियों, समुद्रों और तालाबों में विसर्जित करते हैं। यह दृश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामूहिक उत्साह, एकता और भक्ति का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर जाति, वर्ग और धर्म की सीमाएं धूमिल हो जाती हैं, और सभी लोग एक ही भावना में डूबकर उत्सव का हिस्सा बनते हैं। यह भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का अनुपम उदाहरण है, जो सामाजिक समरसता को सशक्त रूप से रेखांकित करता है।

अनंत चतुर्दशी का पर्यावरणीय आयाम आज के समय में विशेष रूप से प्रासंगिक है। गणेश विसर्जन की भव्यता के बीच जल प्रदूषण की चुनौती उभरकर सामने आती है,

**प्रसंगवश - 06 सितम्बर**
**अनंत चतुर्दशी**

क्योंकि प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) और रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाएँ जलाशयों को दूषित करती हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि आस्था और प्रकृति के बीच सामंजस्य अनिवार्य है। आज कई व्यक्ति और संगठन मिट्टी से निर्मित पर्यावरण-मित्र गणेश प्रतिमाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं, जो प्राकृतिक रंगों से सज्जित होती हैं। साथ ही, कृत्रिम विसर्जन कुंडों का उपयोग जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने का एक प्रभावी कदम है। यह प्रयास अनंत चतुर्दशी के अनंत सूत्र को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक बनाता है, जो हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध कराता है।

इस पर्व का दार्शनिक संदेश भी अत्यंत गहन है। अनंत चतुर्दशी हमें जीवन की नश्वरता का बोध कराती है-सुख-दुख, उतार-चढ़ाव और लाभ-हानि, सब क्षणिक हैं। केवल परमात्मा की सत्ता ही अनंत और अटल है। अनंत सूत्र बांधते समय हम यह संकल्प लेते हैं कि हर परिस्थिति में धैर्य और विश्वास कायम रखेंगे। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि जीवन का सच्चा उद्देश्य भौतिक सुखों की तलाश नहीं, बल्कि उस अनंत आनंद की प्राप्ति है, जो ईश्वर की भक्ति और आत्मचिंतन से ही संभव है। इस दिन की साधना और ध्यान हमें आत्मावलोकन का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे हम अपनी कमियों को सुधारकर जीवन को और अधिक सार्थक बना सकते हैं।

अनंत चतुर्दशी की क्षेत्रीय विविधता इसे और भी जीवंत और रंगारंग बनाती है। महाराष्ट्र में जहाँ गणेश विसर्जन का उल्लास अपने चरम पर होता है, वहीं उत्तर भारत में यह पर्व भगवान विष्णु की भक्ति और अनंत सूत्र बांधने के लिए विख्यात है। गुजरात में भक्त उपवास और विशेष पूजा-अर्चना के साथ इस दिन को मनाते हैं, जबकि दक्षिण भारत में विष्णु मंदिरों में उत्साहपूर्ण उत्सवों का आयोजन होता है। इस प्रकार अनंत चतुर्दशी भारतीय संस्कृति की उस अनूठी विशेषता को उजागर करती है, जहाँ एक ही पर्व विविध रूपों में साकार होता है, किंतु इसका मूल संदेश आस्था, धैर्य और अनंत शक्ति की आराधना सदा अडिग और एकसमान रहता है।

यह पर्व हमें केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि जीवन की असीम संभावनाओं की ओर प्रेरित करता है। यह हमें सिखाता है कि कितनी भी विपत्तियाँ आएँ, अनंत विश्वास और संयम के बल पर हर बाधा को पार किया जा सकता है। साथ ही, यह पर्व हमें पर्यावरण, समाज और स्वयं के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराता है। जब हम गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के साथ विसर्जन करते हैं और अनंत सूत्र बांधते हैं, तो हम केवल परंपरा का निर्वहन नहीं करते, बल्कि अपने भीतर नई ऊर्जा, संकल्प और विश्वास का संचार करते हैं। यही अनंत चतुर्दशी की सच्ची भावना है, जो हमें अनंत काल तक प्रेरणा देती रहेगी।

## विदेश की खबरें

### भारत ने राजनयिक माध्यम से बाढ़ की जानकारी साझा की थी : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने हाल में आई बाढ़ के बारे में राजनयिक माध्यम से जानकारी साझा की है। साथ ही शिकायत की कि पूर्ववर्ती घटनाओं की तरह जानकारी उतनी विस्तृत नहीं थी। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने यहां आयोजित साप्ताहिक प्रेस वार्ता में भारत से सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का पूरी तरह से पालन करने का भी आह्वान किया। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक कदम उठाए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी शामिल था। खान ने कहा, भारतीय पक्ष ने राजनयिक माध्यमों से विभिन्न नदियों में आई बाढ़ के बारे में कुछ जानकारी जरूर साझा की है। हालांकि, यह पहले जितनी विस्तृत नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि सिंधु जल आयुक्त के स्थापित माध्यम का उपयोग जानकारी साझा करने के लिए नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, ''इस संदर्भ में, हम दोहराते हैं कि भारत को सिंधु जल संधि के सभी प्रावधानों का पूरी तरह पालन करना चाहिए। आमतौर पर, ऐसी जानकारी सिंधु जल आयुक्त के माध्यम से साझा की जाती थी। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान ब्रिक्स समूह में शामिल होने के प्रति गंभीर है और दावा किया कि रूस इसका समर्थन कर रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3199

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | 10 | | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | | | ■ | | ■ |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | 18 | | | ■ | |
| | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| 22 | | | ■ | ■ | 23 | 24 | | | ■ |
| | ■ | 25 | | | | | ■ | 26 | |

*बायें से दायें:-* 2) मुसाफ़िरख़ाना, 4) मगर, 6) दारोग़ा, 8) पराकाष्ठा, 10) बिदाई, 12) खालीपिली, 13) पुरज़ा, 14) विध्वंस, 15) जोड़; उत्तर, 17) आगे; फिर, 18) प्रवीण, 19) एक तिलहनी धान्य, 20) मीन, 22) विदित, 23) वक्रतुंड, 25) रुग्णसेवा, 26) अभिमान.

*ऊपर से नीचे:-* 1) फ़लाना, 2) कामयाब, 3) यथासमय, 4) जाँच, 5) फट से, 7) भयंकर, 9) परिस्थिति, 11) सुहागिन; सौभाग्यवती, 12) अपमान, 13) तमिलनाडु के दक्षिण तट पर बसा एक प्रसिद्ध अंतरीप, 15) बाढ़-ग्रस्त, 16) स्थानांतरण, 17) बढ़िया चावल का एक प्रकार, 21) भरपेट खाना, 23) प्रस्थान, 24) स्त्री.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह्य | ■ | सा | ध | न | ■ | क्ष | ति | पू | र्ति |
| द | ■ | रं | ■ | ज़ | ■ | णि | ■ | र्व | ■ |
| सा | द | गी | ■ | दी | प | क | ■ | ज | ग |
| ■ | र | ■ | श | क | ल | ■ | ना | ■ | ण |
| ■ | गा | ग | र | ■ | क | स | म | सा | ना |
| बाँ | ह | ■ | द | म | ■ | ज्ज | ■ | ह | ■ |
| स | ■ | क़ | ■ | र | ■ | न | पुं | स | क |
| ■ | प | ह | रे | दा | र | ■ | ज | ■ | बा |
| श्रा | ति | र | ■ | ना | वि | क | ■ | ए | ड़ी |

## सुडोकू-पहेली-3156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | | |
| 4 | | | | | 8 | 7 | | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 9 | | |
| 1 | 8 | | | | | 2 | | |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| 3 | | | | | | | 6 | |
| | | | 7 | | | 4 | | 2 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3155 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 2 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 |
| 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 |

# शिक्षक भर्ती घोटाला : ईडी को संदेह, घोटालेबाज उम्मीदवारों की सूची में काट-छांट

**कोलकाता, समाज्ञा**

स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा हाल ही में जारी घोटालेबाज उम्मीदवारों की सूची पर संदेह गहराने लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आशंका है कि आयोग ने जानबूझकर सूची को छोटा कर पेश किया है ताकि अरबों रुपये के अवैध लेन-देन की असली तस्वीर सामने न आ सके। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी अब एक नई रणनीति पर विचार कर रही है। इसके तहत उन नामों को रणनीतिक तरीके से चुना जाएगा जिनकी धन की आवाजाही से यह साबित हो चुका है कि उन्होंने पैसे देकर शिक्षक की नौकरी पाई थी। फिर, देखा जाएगा कि क्या वे नाम आयोग की सूची में मौजूद हैं या नहीं। अगर ऐसे नाम गायब मिलते हैं तो यह साफ हो जाएगा कि सूची को काट-छांट कर जारी किया गया है। ईडी का मानना है कि आयोग ने जानबूझकर कम संख्या में उम्मीदवारों को सूचीबद्ध किया ताकि घोटाले की कुल रकम कम दिखाई दे। एजेंसी को यह भी शक है कि अब तक जारी 1806 नाम जारी किए गए हैं, वे असल आंकड़े से काफी कम हैं।

### ईडी फिर से पार्थ चटर्जी से करेगी पूछताछ, दो मामलों में होगी नई हिरासत की मांग



शिक्षक भर्ती घोटाले में एक बार फिर बड़ा कदम उठने जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी से नई कस्टोडियल पूछताछ करने की तैयारी कर रहा है। यह पूछताछ कम से कम दो अलग-अलग मामलों में की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पहला मामला समूह 'सी' और 'डी' श्रेणी के गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताओं से जुड़ा है। दूसरा मामला, राज्य के सरकारी स्कूलों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित है। इन दोनों श्रेणियों की भर्तियां स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के जरिए होती हैं। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ईडी ने मुर्शिदाबाद जिले के बड़ंचा से तृणमूल विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार किया था। उनकी पूछताछ और घर से मिले दस्तावेजों से जांच एजेंसी को कई नए सुराग मिले हैं, जिनसे पार्थ चटर्जी की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। इन्हीं तथ्यों के आधार पर ईडी ने चटर्जी की फिर से हिरासत की मांग करने का फैसला किया है। सूत्रों का कहना है कि ईडी कोलकाता स्थित धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत का रुख कर सकती है।

# कोलकाता में बनेगा नया 'धापा', 10 सितंबर को पेश होगा प्रस्ताव

**कोलकाता :** महानगर में कचरा निस्तारण को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही है कोलकाता नगर निगम। मौजूदा धापे के पास में नया धापा बनाने की योजना को निगम ने आगे बढ़ाने का बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब यह काम पूरी तरह से निगम अपने खर्च पर करेगा। पहले योजना थी कि राज्य सरकार आर्थिक सहयोग करेगी, लेकिन वित्त विभाग और शहरी विकास विभाग की सराहना मिलने के बावजूद अब तक धन उपलब्ध नहीं कराया जा सका।

सूत्रों के अनुसार, कुल 73 हेक्टेयर जमीन पर यह नया धापा बनाया जाएगा। निगम की योजना है कि जिन किसानों की जमीन पर खेती चल रही है, उन्हें सरकारी नियम के अनुसार उचित मुआवज़ा दिया जाएगा। निगम अधिकारियों के मुताबिक यह कदम हाल के समय का सबसे महत्वपूर्ण नगर परियोजनाओं में से एक साबित होगा।

जानकारी के अनुसार, प्रस्ताव सबसे पहले 8 सितंबर को मेयर परिषद की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद 10 सितंबर को मासिक निगम अधिवेशन में पेश कर औपचारिक मंज़ूरी ली जाएगी। विभागीय मेयर परिषद सदस्य देबब्रत मजूमदार ने बताया कि वित्त विभाग से मंजूरी नहीं मिलने के कारण निगम ने स्वयं ही इसका रास्ता निकाल लिया है।

वर्तमान में कोलकाता के अलावा विधाननगर, दमदम, पानिहाटी, एनकेडीए तथा पिछले 6 महीनों से हावड़ा नगर निगम का लगभग 300 मीट्रिक टन कचरा रोज़ाना धापे में फेंका जा रहा है। सफाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार, कुल मिलाकर प्रतिदिन 5200 मीट्रिक टन कचरा यहां डाला जा रहा है।

निगम ने अंततः 7 नंबर बोरो इलाके की 73 हेक्टेयर अपनी ही जमीन को चिन्हित किया है। इस जमीन पर लगभग 883 किसान खेती करते हैं। निगम के अनुसार, एक साल से अधिक समय तक कई चरणों में किसानों के साथ बैठक हुई है और मुआवज़ा देकर नया धापा बनाने की तैयारी पूरी की जा रही है। स्थानीय लोग भी मान चुके हैं कि शहर के विकास के लिए यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण है।

## सिविक पुलिस पर कई आरोप, विरोध में दक्षिण कोलकाता की दो रूटों पर बंद रही ऑटो सेवा

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के बाघाजतिन मोड़ इलाके में शुक्रवार को सिविक पुलिस और ऑटोचालकों के बीच तीखी झड़प हुई। आरोप है कि सिविक पुलिसकर्मी अनुचित तरीके से ऑटोचालकों को रोक कर केस दर्ज कर रहे हैं और दुर्व्यवहार कर रहे हैं। इसी विरोध में गड़िया-गोलपार्क और बाघाजतिन-रानिकुठी रूट पर ऑटो सेवा अचानक बंद कर दी गई।

स्थानीय लोगों और ऑफिस यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि इन रूटों पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग मेट्रो स्टेशन और अन्य जगहों तक पहुंचने के लिए ऑटो पर निर्भर रहते हैं।

ऑटोचालकों का आरोप है कि बाघाजतिन मोड़ पर खड़े होते ही सिविक पुलिस उनके वाहनों की तस्वीर खींचकर केस थोप देती है।



शुक्रवार को भी यही घटना हुई और जब चालकों ने विरोध किया तो मामला गरमा गया। बकझक इतनी बढ़ी कि नेताजी नगर थाने से पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा।

ऑटोचालकों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि सिविक पुलिस की 'जुल्मबाज़ी' बंद नहीं हुई तो वे ऑटो सेवा पूरी तरह ठप कर देंगे। फिलहाल पुलिस और ऑटो यूनियन प्रतिनिधियों के बीच बातचीत चल रही है ताकि स्थिति सामान्य हो सके।


## कोलकाता के नामी गन शॉप से 41 अवैध बंदूकें बरामद, तीन मालिक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुरुवार की रात शहर की एक नामी गन शॉप पर छापेमारी कर तीन मालिकों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान, दुकान से कुल 41 अवैध बंदूकें बरामद की गईं। इनमें दोनला और एकनला दोनों तरह की बंदूकें शामिल हैं। यह कार्रवाई कोलकाता के बीबीडी बाग स्थित 'नरसिंग चंदर एंड दा' नामक लाइसेंसी गन शॉप पर की गई। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि दुकान के जरिए अवैध तरीके से बंदूकों की खरीद-बिक्री हो रही थी। दुकान से जब्त की गई बंदूकों का कोई भी आधिकारिक रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। एसटीएफ ने बताया कि यह मामला पहले से ही रहड़ा थाने में दर्ज एक केस से जुड़ा है, जिसकी जांच बाद में एसटीएफ को सौंपी गई थी। जांच में पता चला कि कुछ लोग दुकान से अवैध तरीके से बंदूकें खरीदते थे और उन्हें ऊंचे दामों पर बेचते थे। इसी सिलसिले में गुरुवार की रात की गई छापेमारी में बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गिरीश पार्क निवासी सुबीर दास, अभीर दास और शुभ्रता दास के रूप में हुई है। ये तीनों दुकान के साझेदार और मालिक बताए जाते हैं। जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि इन अवैध हथियारों की सप्लाई किन-किन जगहों तक की गई थी।

## बंगाल के सिनेमाघरों में 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म प्रदर्शित नहीं होने पर निर्देशक ने जताया दुख

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने अपनी नवीनतम फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' को शुक्रवार को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किये जाने पर दुख जताया। निर्देशक ने आरोप लगाया कि इसके पीछे राजनीतिक दबाव और धमकी है। उन्होंने इसे 'अनौपचारिक प्रतिबंध' करार दिया। अग्निहोत्री की फाइल्स फिल्मों की श्रृंखला तीसरी और अंतिम फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' अगस्त 1946 के कलकत्ता नरसहार को दर्शाती है, जो मुस्लिम लीग की 'प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस' के आह्वान के कारण शुरू हुआ था। इसके परिणामस्वरूप व्यापक सांप्रदायिक हिंसा हुई थी और बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए थे और अंततः महात्मा गांधी ने बेलेघाटा में शांति उपवास करना पड़ा था। फिल्म के पश्चिम बंगाल में प्रदर्शित नहीं किये जाने पर अफसोस जताते हुए अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुझे पता है कि दर्द ने उनकी आत्माओं को छू लिया है। यह अब आपकी फिल्म है। द बंगाल फाइल्स (पश्चिम बंगाल और पाकिस्तान को छोड़कर) अब सिनेमाघरों में है। अग्निहोत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि एक समय था जब टैगोर ने भयमुक्त बंगाल का सपना देखा था। आज के बंगाल में, सरकार ने हिंदू नरसंहार पर बनी अब तक की सबसे साहसिक फिल्म




द बंगाल फाइल्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। कृपया अपने विरोध के रूप में सिनेमाघरों में द बंगाल फाइल्स देखें। कल सिनेमाघरों में। बता दें कि अभिनेत्री-निर्माता पल्लवी जोशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शुक्रवार को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया कि सिनेमाघर मालिकों ने फिल्म के निर्माताओं से कहा है कि उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है और वे सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसा के डर से फिल्म प्रदर्शित करने से इनकार कर रहे हैं। जोशी ने कहा कि कोई आधिकारिक प्रतिबंध नहीं है, फिर भी एक अनौपचारिक प्रतिबंध लोगों को फिल्म देखने से पहले ही चुप करा देता है। इस दिन, पत्र के साथ पोस्ट में अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य में मल्टीप्लेक्स श्रृंखलाओं ने 'सत्तारूढ़ पार्टी के राजनीतिक दबाव और धमकियों' के कारण फिल्म की प्रदर्शित करने से इनकार कर दिया है।

### सिनेमा को दबाया नहीं जा सकता : समिक भट्टाचार्य

'द बंगाल फाइल्स' फिल्म शुक्रवार को पूरे देश में रिलीज हो गई। बताया जा रहा है कि राज्य में इस फिल्म को किसी भी थिएटर में रिलीज नहीं किया गया है। इस पर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इसे बंगाल की जनता देखेगी और बहुत ज्यादा देखेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म को बंगाल की जनता देखेगी और बहुत ज्यादा देखेगी। यूट्यूब पर देखेंगे, ओटीटी पर देखेंगे। किसी भी सिनेमा को और किसी भी साहित्य को ऐसे छुपाया या दबाया नहीं जा सकता।

## कोलकाता ट्रैफिक पुलिस की गाड़ियों में लगेगा 'डैश कैमरा', निगरानी होगी और सख्त

**कोलकाता :** ट्रैफिक व्यवस्था को और कड़ा बनाने के लिए लालबाजार ने बड़ा कदम उठाया है। अब से कोलकाता ट्रैफिक पुलिस के ओसी (ऑफिसर-इन-चार्ज) और एसी (असिस्टेंट कमिश्नर) की गाड़ियों में 'डैश कैमरा' लगाया जाएगा।

लालबाजार का कहना है कि यह कोई नया फैसला नहीं है, बल्कि पहले से ही इस योजना पर



विचार किया गया था, जिसे अब अमल में लाया जा रहा है। डैश कैमरा वाहन के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगाया जाता है और गाड़ी के चलते ही यह अपने आप वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर देता है।

इस कैमरे में न केवल सड़क और बाहरी दृश्य रिकॉर्ड होते हैं, बल्कि गाड़ी के अंदर की गतिविधियां भी कैद होती हैं। दुर्घटना, सड़क पर झगड़ा या लापरवाही से गाड़ी चलाने जैसी घटनाओं में यह रिकॉर्डिंग अदालत में सबूत के तौर पर पेश की जा सकेगी।

कोलकाता पुलिस की योजना है कि धीरे-धीरे अन्य महत्वपूर्ण पुलिस वाहनों में भी डैश कैमरा लगाया जाएगा। इससे शहर की सड़कों पर सुरक्षा बढ़ेगी और किसी भी घटना की जांच और भी तेज़ व सटीक तरीके से की जा सकेगी।

## राज्य श्रम विभाग की अधिसूचना पर कोलकाता हाईकोर्ट की रोक

❑ **सेवानिवृत्त कर्मचारी ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी नहीं बन सकते - श्रम विभाग का आदेश स्थगित**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के श्रम विभाग की उस अधिसूचना पर कोलकाता हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि कोई भी सेवानिवृत्त कर्मचारी ट्रेड यूनियन का पदाधिकारी नहीं बन सकता। श्रम विभाग के रजिस्ट्रार ने इस वर्ष 8 अप्रैल को नोटिस जारी कर स्पष्ट किया था कि संगठित क्षेत्र की ट्रेड यूनियन में सेवानिवृत्त या पूर्व कर्मचारी ऑफिस-बेयरर या किसी भी जिम्मेदार पद पर नहीं रह सकते। इस अधिसूचना की वैधता को चुनौती देते हुए फेडरल जूट मिल मजदूर यूनियन ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि 1926 के ट्रेड यूनियन अधिनियम की धारा 22(2) में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि सेवानिवृत्त या छंटनी किए गए कर्मचारी भी ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी बन सकते हैं। इसलिए श्रम विभाग की अधिसूचना न केवल कानून विरोधी है बल्कि लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेतृत्व को नकारने के समान है। यूनियन का आरोप है कि अगर यह अधिसूचना लागू होती है तो संगठन के आंतरिक मामलों में अनुचित हस्तक्षेप होगा और मजदूर संगठनों की गतिविधियाँ लगभग ठप हो जाएंगी। इसके अलावा संविधान के अनुच्छेद 19(1)(सी) के तहत संगठन बनाने का अधिकार और अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी प्रभावित होगा। सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद हाईकोर्ट ने फिलहाल श्रम विभाग की अधिसूचना पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि आगामी सुनवाई में इस मामले की विस्तृत जाँच की जाएगी।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी आज और सोमवार को करेंगे दोहरी बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा**

अगले हफ्ते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सभी राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दिल्ली में होने वाले बैठक से पहले राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज अग्रवाल विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई) पर दोहरी बैठक करेंगे। सूत्रों के अनुसार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी शनिवार और सोमवार को बैठक करेंगे। सोमवार को प्रत्येक जिले की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय प्रत्येक जिले के अतिरिक्त जिलाधिकारियों के साथ बैठक करेगा। यह बैठक सोमवार को होगी। उससे पहले मुख्य निर्वाचन



अधिकारी कार्यालय के अधिकारी शनिवार को एक आंतरिक बैठक करेंगे। यह दोहरी बैठक इस बात पर चर्चा करने के लिए है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए सीईओ कार्यालय कितना तैयार है। बैठक के बाद, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी 10 सितंबर को राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा बुलाई गई बैठक में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

### जीएसटी कटौती का स्वागत लेकिन राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ सकता है असर : अमित मित्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार और पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा ने शुक्रवार को माल एवं सेवाकर (जीएसटी) दरों में कटौती का स्वागत किया और इसे ''सैद्धांतिक रूप से बहुत अच्छा कदम'' बताया। हालांकि उन्होंने आगाह किया कि इससे राज्यों की वित्तीय स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला कल्याण जैसी योजनाओं के लिए धन जुटाना कठिन हो जाएगा। मित्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दिए गए संदेश में कहा कि जब तक राज्यों के राजस्व घाटे की पूरी भरपाई नहीं की जाती, तब तक यह कदम ''संघवाद की भावना का उल्लंघन'' माना जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्यों को होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति की जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कर कटौती का वास्तविक असर आधिकारिक तौर पर स्वीकार किए गए अनुमान से कहीं अधिक बड़ा होगा। इससे राज्यों को दी जाने वाली वैधानिक सहायता प्रभावित हो सकती है। मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण की अनुपस्थिति पर चिंता जताते हुए मित्रा ने सवाल उठाया कि उपभोक्ताओं तक कर कटौती का लाभ पहुँचेगा भी या नहीं। उनका कहना था कि अगर खुदरा स्तर पर इसकी निगरानी नहीं की गई तो कटौती का फायदा आम जनता तक नहीं पहुंचेगा और यह केवल कारोबारियों तक सीमित रह जाएगा।

# दुर्गा पूजा पर मुख्यमंत्री ममता की 17 गीतें होंगी जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

दुर्गा पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बार अपने गीतों का विशेष तोहफा देने जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार, कुल 17 गीत उनके द्वारा लिखे और प्रस्तुत किए जाएंगे। गत गुरुवार को मुख्यमंत्री ने विधानसभा स्टाफ रिक्रिएशन क्लब के एक कार्यक्रम में शामिल होकर इसकी जानकारी दी थी।

बताया जा रहा है कि उत्तर कोलकाता के मशहूर टाला प्रत्यय पूजा पंडाल का थीम सॉन्ग भी इस बार ममता बनर्जी लिख सकती हैं। हालांकि, किस गीत को थीम के रूप में चुना जाएगा, इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है। सूत्रों का कहना है कि सही समय पर वह गीत सार्वजनिक किया जाएगा। दुर्गा पूजा पर गीतों के अलावा ममता बनर्जी ने हाल ही में बंगाली अस्मिता और भाषा पर हमले को लेकर भी एक गीत लिखा है।

इस गीत को राज्य के मंत्री इंद्रनील सेन ने स्वर दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1500 कविताएं वह लिख चुकी हैं। इस बार दुर्गा पूजा के अवसर पर उनके लिखे कुल 17 गीत जनता तक पहुंचेंगे, जिन्हें पूजा पंडालों और समारोहों में सुना जा सकेगा।

**पूर्व रेलवे**

**एसएलआर की पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 17 यात्रीवाही ट्रेनों के 18 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट की पार्सल जगह की लीजिंग के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न ऑक्शन कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **ऑक्शन कैटलॉग नं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-25-9सी, **कम्पार्टमेंट:** 17 यात्रीवाही ट्रेनों के 18 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 12.09.2025 को 13.00 बजे।

HWH-280/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत तीन ट्रेनों का पुनर्निर्धारण**

संचालन संबंधी आवश्यकताओं के कारण, 30416 सियालदह-बीबीडी बाग लोकल, 34432 सियालदह-सोनारपुर लोकल एवं 34538 सियालदह-कैनिंग लोकल ट्रेनों को **दिनांक 06.09.2025 से पुनर्निर्धारित** किया जाएगा। बदलाव नीचे उल्लेखानुसार होंगेः

| स्टेशन | निर्धारित | | पुनर्निर्धारित | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | आगमन |
| **30416 डाउन सियालदह (द)-बीबीडी बाग** | | | | |
| सियालदह (द)↓ | 17:08 | - | **17:20** | - |
| बीबीडी बाग | - | 17:58 | - | **18:10** |
| **34432 डाउन सियालदह (द)-सोनारपुर** | | | | |
| सियालदह (द)↓ | 17:20 | - | **17:14** | - |
| सोनारपुर | - | 17:48 | - | **17:42** |
| **34538 डाउन सियालदह (द)-कैनिंग** | | | | |
| सियालदह (द)↓ | 17:14 | - | **17:08** | - |
| कैनिंग | - | 18:30 | - | **18:24** |

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

पूर्व रेलवे

**Name Change**

I, Kuldeep Verma, son of Sanjay Verma, residing at 220, Rabindra Sarani, Barabazar, Kolkata-700007, do hereby solemnly affirm and declare that my actual name is Kuldeep Verma and Kuldeep Verma and Kuldeep Varma is the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 3rd September 2025.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

खुली ई-निविदा सं. एसडीएसटीई-एमएसडीएसी-जेओएक्स-25-26-आरई, दिनांक 29.08.2025 जो पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा प्रकाशित की गई थी, को कुछ तकनीकी कारण से एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

HWH-279/2025-26

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः-** निविदा सूचना सं0- LS-GD-25-Ovh-Aux-Motor-R3, "गोंडा और गोरखपुर शेड के पारंपरिक और 3 फेज इलेक्ट्रिक लोको के सहायक मोटर्स की ओवरहालिंग 2 वर्षों के लिए"। अनुमानित लागत (रू मे): ₹ 1,03,52,960.28, अग्रिम धन राशि (रू मे):- ₹ 2,01,800.00, निविदा की अवधिः- 24 माह,

नोटः-1. इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जाएगा। 2.विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे कि वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

समविइं/टीआरएस. लोको शेड, गोण्डा

मुजाधि/विद्युत-130

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/31** **दिनांक** 02.09.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत क्लस्टर-IV के अधीन स्टेशन परिसरों पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों और क्लस्टर -2 एवं क्लस्टर-3 के अधीन स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** में अपलोड किया गया है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **कैटलॉग सं.:** पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-31, **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 18.09.2025 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण निम्नानुसार हैं:** **एए/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीपीएई-ओएसएन-26-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), हावड़ा मंडल के बेगमपुर स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर 03 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/2,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-129-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), हावड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों (पीएफ. 8 से 15) में एलईडी फ्लेंज के माध्यम से 03 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-54-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/2,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-55-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/3,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-ओएच-131-24-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), सांइथिया और रामपुरहाट स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/4,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-ओएच-132-24-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), गुसकरा, बोलपुर और प्रांतिक स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 09 ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एबी/5,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-133-24-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), कटवा, खागड़ाघाट रोड और आजिमगंज जंक्शन स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 06 ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एसी/1,** एडीवीटी-इंट-269353-1-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर), ट्रेन नं. 22303/22304 (हावड़ा-गया-हावड़ा) वंदे भारत एक्सप्रेस के कोचों के इंटीरियर में निर्दिष्ट हिस्से पर 03 वर्ष की अवधि के लिए विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन।

HWH-278/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत स्टेशनों में स्टॉल/आउटलेट**

**एक स्टेशन एक उत्पाद परियोजना के अंतर्गत**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह एतद्द्वारा सियालदह मंडल के तहत **116 स्टेशनों में एक स्टेशन एक उत्पाद परियोजना** में भाग लेने के लिए स्वदेशी उत्पादों के साथ लेन-देन करने वाले व्यक्ति विशेष, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), समाज में हाशिए पर रहने वाले अथवा कमजोर वर्गों के लोगों इत्यादि से मुहरबंद पैकेट (एकल) तथा निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **योजना की महत्त्वपूर्ण विशेषताएं: (1) परियोजना की अवधिः** टाकी रोड, बिनय बादल दिनेश बाग - दिनांक **28.09.2025** से शुरू होकर 30 दिन। टाला, बराहनगर, तालदी, बीरनगर - दिनांक **29.09.2025** से शुरू होकर 30 दिन। ताहेरपुर, शासन रोड - दिनांक **30.09.2025** से शुरू होकर 30 दिन। लेक गार्डन्स, ब्रेस ब्रिज - दिनांक **01.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। धुबुलिया, अगरपाड़ा, पलता, बानपुर, गोचरण, जगद्दल, टीटागढ़, ईछापुर, माझेरहाट, काशीनगर हॉल्ट - दिनांक **02.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। संतोषपुर, आकड़ा, कोमागाता मारू बजबज - दिनांक **03.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। हासनाबाद, सुभाषग्राम - दिनांक **05.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चम्पाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोन्डालिया - दिनांक **07.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। बनगांव जंक्शन, दत्तपुकुर, दक्षिणेश्वर - दिनांक **08.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। हृदयपुर, मालतीपुर, भासिला - दिनांक **09.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। बहरू, दक्षिण बारासात, बसिरहाट, कल्याणी शिल्पांचल, मदनपुर, काकद्वीप - दिनांक **10.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। कल्याणपुर, होटर - दिनांक **11.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। चाँपापुकुर, कल्याणी सीमांत - दिनांक **13.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। माझेरग्राम, बाली घाट, ईडन गार्डन, लालगोला, काशिम बाजार - दिनांक **14.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। गंगनापुर, बागबाजार, सूर्यपुर, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जंक्शन, हबीबपुर, बामनगाछी - दिनांक **15.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। प्रिंसेप घाट, बिद्याधरपुर, पियाली, चाँदपाड़ा - दिनांक **16.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। भगवानगोला, मुरागाछा, बेलडांगा, बेथुयाडहरी, देबग्राम, रेजीनगर, पलासी, मजदिया, पायराडांगा, बगुला, नंगी, न्यू अलीपुर, कांकीनाड़ा - दिनांक **17.10.2025** से 30 दिन। बड़ा बाजार, पातीपुकुर, बासुलडांगा, धपधपी, पालपाड़ा - दिनांक **18.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। शांतिपुर, गुमा, बिड़ा - दिनांक **19.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। बदकुल्ला - दिनांक **20.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। कालिकापुर - दिनांक **21.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर, बिशरपाड़ा कोदालिया-दिनांक **22.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। जियागंज, अड़ंगघाटा-दिनांक **24.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। कृष्णापुर, मुर्शिदाबाद, बहरमपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, नामखाना, देउला, धामुआ, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चाकदह, यादवपुर, मध्यमग्राम, बालीगंज जंक्शन, बाघाजतीन, जयनगर मजिलपुर, मल्लिकपुर - दिनांक **25.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। नैहाटी जंक्शन, गोपालपुर - दिनांक **27.10.2025** से शुरू होकर 30 दिन। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्कः** प्रत्येक स्टॉल के लिए 30 दिनों की आबंटन अवधि हेतु जीएसटी सहित रु. 2,000 मात्र। **(3) आधारभूत संरचनाः** (i) रेलवे द्वारा स्टॉल/आउटलेट प्रदान किए जाएंगे। (ii) पंजीकरण शुल्क में शामिल मूल सुविधा के रूप में 15 दिनों की एक अवधि के लिए प्रति एक स्टेशन एक उत्पाद आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी। 20 यूनिटों की सीमा से अधिक बिजली की अतिरिक्त यूनिटों के लिए वास्तविक आधार पर लागू शुल्क प्रयोज्य होगा। **(4) आवेदनों का जमाः** दिनांक 28.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे के भीतर। दस्तावेज (जैसा कि पात्रता के मानदंड में उल्लेखित है) की छाया प्रतिलिपियों के साथ मुहरबंद लिफाफे में संस्था के लेटरहेड/सफेद कागज पर आवेदन **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कमरा नं. 44, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014** को संबोधित कर संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मॉस्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्दिष्ट स्थान पर जमा करने होंगे। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में :** चयन के लिए संबंधित स्टेशनों पर **दिनांक 28.09.2025 को 16.00 बजे** खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रा का आयोजन किया जाएगा। स्टेशनों के नाम के साथ चिन्हित उत्पादों, भागीदारी के लिए पात्रता के मानदंड तथा समर्थित दस्तावेज, जमा किए जाने वाले आवेदन का सम्पूर्ण विवरण तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कमरा नं. 44, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 के कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखे जा सकते हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## उच्च माध्यमिक परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला!

# परिणाम ऑनलाइन प्रकाशित होने के 72 घंटे बाद ओएमआर शीट सार्वजनिक की जाएगी

**कोलकाता :** ओएमआर को लेकर अब कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। एसएससी, टीईटी में ओएमआर को लेकर जटिलता और मामला अदालत तक पहुँचने के बाद इस बार नए सेमेस्टर परीक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहता है उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद।

प्राथमिक टीईटी और एसएससी की तरह अब उच्च माध्यमिक में भी ओएमआर शीट जारी करेगा उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद। जारी की जाएगी पहले सेमेस्टर की ओएमआर शीट। हालांकि परीक्षा के तुरंत बाद नहीं, बल्कि पहले सेमेस्टर का परिणाम ऑनलाइन प्रकाशित होने के 72 घंटे बाद ओएमआर शीट सार्वजनिक की जाएगी।

परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने बताया कि किस तरह यह ओएमआर शीट अपलोड की जाएगी, इसको लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। कई तकनीकी समस्याएँ थीं, जिन्हें दूर कर अब ओएमआर शीट जारी करने का निर्णय लिया गया है। परिषद अध्यक्ष ने कहा, परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ही यह निर्णय लिया गया है। परीक्षार्थी स्वयं देख सकेंगे कि उन्होंने क्या उत्तर दिए। हमने सभी परीक्षाओं की ओएमआर शीट अपलोड करने का निर्णय लिया है।

उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर संस्थान के लॉगिन से संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक ओएमआर शीट डाउनलोड कर सकेंगे। इसके बाद वह सॉफ़्ट कॉपी के रूप में या छपवाकर विद्यार्थियों के बीच वितरित करेंगे। परिषद की ओर से राज्य के 7000 स्कूलों को पीडीएफ फॉर्मेट में ओएमआर शीट का डाटा भेजा जाएगा।

परिषद की ओर से बताया गया है कि एक साथ 6 परीक्षाओं की ओएमआर शीट जारी की जाएगी। स्कूल परीक्षार्थियों को आवश्यकता अनुसार ओएमआर शीट डाउनलोड करके प्रिंटेड या सॉफ़्ट कॉपी उपलब्ध कराएंगे।

## शिक्षक दिवस पर ममता बनर्जी ने दी शुभकामनाएं, शिक्षकों को बताया समाज का असली धरोहर

**कोलकाता, समाज्ञा**

शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने देश के दूसरे राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए शिक्षक दिवस पर शिक्षकों, प्राध्यापकों और शिक्षा से जुड़े कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान और संस्कार देने के पीछे सबसे बड़ा योगदान शिक्षकों का ही है। ममता बनर्जी ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक ही वे असली कारीगर हैं जो नईवय पीढ़ी को शिक्षा की रोशनी से आलोकित करते हैं। उन्होंने समाज में शिक्षकों की इस भूमिका को अतुलनीय बताते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से शिक्षक दिवस का आयोजन पूरे सम्मान और गरिमा के साथ किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के चुनिंदा शिक्षकों को 'शिक्षारत्न' सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही राज्य के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उन मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने इस वर्ष की माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, जॉइंट एंट्रेंस, आलिम, फाजिल, हाई-मदरसाह, आईसीएसई, आईएससी, सीबीएसई और व्यावसायिक परीक्षाओं की मेरिट सूची में स्थान पाया है।

ममता ने अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को पुनः शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो समाज को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करती है।

## मालदह में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार


**मालदह :** जिले में लगातार हथियार बरामदगी का सिलसिला जारी है। इस बार, जिला पुलिस ने एक युवक को पाइप गन और दो राउंड कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार की देर रात ओल्ड मालदह के साहापुर इलाके के दिलालपाड़ा से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम श्यामल शील है। वह ओल्ड मालदह का निवासी है। पुलिस की यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। शुरुआती जांच में पुलिस का मानना है कि उसने दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए बंदूक अपने पास रखी थी। पता चला है कि वह पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। शुक्रवार की दोपहर आरोपी को जिला अदालत में पेश किया गया। सात दिन की पुलिस हिरासत के लिए आवेदन किया गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस घटना में कोई और भी शामिल है या इसके पीछे कोई बड़ा मकसद था।

## अनियमितताओं के आरोप में बारासात के निजी नर्सिंग होम पर कार्रवाई

❑ राज्य स्वास्थ्य योजना से निलंबन

**कोलकाता :** बारासात कॉलोनी मोड़ स्थित निजी नर्सिंग होम 'केयर एंड क्योर' के खिलाफ गंभीर आरोपों की जांच के बाद राज्य सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को राज्य वित्त विभाग के मेडिकल सेल की ओर से आदेश जारी कर नर्सिंग होम को पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य परियोजना की सूची से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। अस्प-ताल पर आरोप है कि उसने सरकार के साथ हुए अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया, स्वास्थ्य योजना के तहत आने वाले आपातकालीन रोगियों को भर्ती करने से मना कर दिया, निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे वसूले और कई मामलों में अतिरिक्त राशि लेने के बाद रसीद भी नहीं दी। इन सभी शिकायतों की जांच के बाद यह अंतरिम निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्ण जांच रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल के खिलाफ स्थायी कार्रवाई की जाएगी।

## हाथीबागान में गुप्त निगरानी से सफलता, 25 लाख नकद बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**कोलकाता :** स्पेशल वॉच सेक्शन, डी.डी. ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई गुरुवार की शाम विश्वसनीय स्रोत की सूचना पर की गई।

सूत्रों के अनुसार, हरे स्ट्रीट थाना क्षेत्र के ओल्ड चाइना बाजार स्ट्रीट इलाके में भारी मात्रा में अवैध नकदी लेन-देन की सूचना मिली थी। इसके आधार पर गुप्त निगरानी शुरू की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति संजिब मजूमदार (49), निवासी देबाईपुकुर रोड, उत्तरपाड़ा, हुगली को विक्रम चंद मार्केट की पहली मंजिल के सामने रोका गया।

तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद बैग से 25,00,000/- बरामद हुए। नोट 500 के मूल्यवर्ग में थे, कुल 5000 नोट। आरोपी इस भारी-भरकम नकदी के लिए कोई संतोषजनक जवाब या वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।

कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए मौके पर ही नकदी जब्त कर ली गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में हरे स्ट्रीट थाना, पार्ट-खख केस नंबर 20/25, धारा 35 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार संजिब मजूमदार को शुक्रवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बरामद नकदी की उत्पत्ति और इसके नेटवर्क की जांच की जा रही है।

## शिक्षक भर्ती के लिए 7 और 14 सितंबर की होने वाली परिक्षाओं के प्रश्नपत्र बिक रहें : शुभेंदु अधिकारी



**पूर्व मेदिनीपुर :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार संचालित और सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए 7 और 14 सितंबर को आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) से पहले शुक्रवार को दावा किया कि उत्तर 24 परगना में एक गिरोह प्रश्न पत्र 50,000 रुपये में बेचा रहा है। शुभेंदु अधिकारी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनके पास सात सितंबर की परीक्षा के प्रश्नपत्र 50,000 रुपये में बेचे जाने की जानकारी है। भाजपा नेता ने दावा किया कि उनके पास इस दावे के समर्थन में एक ऑडियो क्लिप भी है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि जब ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली इस भ्रष्ट तृणमूल कांग्रेस सरकार को यह एहसास हो गया कि वह पैसे के बदले अयोग्य लोगों को उत्तीर्ण करने में मदद करने के लिए ओएमआर शीट के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकती, तो उन्होंने अब अन्य तरीकों का सहारा लिया है। उन्होंने कहा कि एजेंट के माध्यम से प्रश्नपत्र बेचने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुझे जानकारी मिली है कि सात सितंबर का प्रश्नपत्र 50,000 रुपये में बेचा जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ, आयोग ने आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा है कि प्रश्नपत्र सुरक्षित हैं।

## हाईकोर्ट से झटका! शेख शाहजहां के करीबी शिबु हाजरा की जमानत याचिका खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शेख शाहजहां के शागिर्द शिबु हाजरा को कोलकाता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। अब उसे जेल में ही रहना होगा।

दरअसल, 2024 के जनवरी महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर उत्तर 24 परगना के संदेहखाली में बड़ा बवाल हुआ था। उस समय इलाके में महिलाओं ने शेख शाहजहां और उसके करीबी सहयोगी शिबप्रसाद (शिबु) हाजरा तथा उत्तम सरदार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे। आरोप था कि दोनों की मदद से महिलाओं को देर रात पार्टी दफ्तर में ले जाकर प्रताड़ित किया जाता था। इन घटनाओं ने संदेहखाली को विस्फोटक माहौल में पहुँचा दिया था।

फरवरी 2024 में आखिरकार तृणमूल के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिबु हाजरा को राज्य पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद उसने जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लेकिन सामूहिक दुष्कर्म के आरोप का हवाला देते हुए अदालत ने उसकी जमानत अर्जी ठुकरा दी।

गौरतलब है कि जनवरी 2024 में जब ईडी की टीम शेख शाहजहां के घर छापेमारी के लिए पहुँची थी, तब उन पर हमला हुआ था। इस घटना ने राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया था और एक के बाद एक चौंकाने वाली जानकारियाँ सामने आईं। वर्तमान में शाहजहां और उसके कई करीबी सहयोगी जेल में बंद हैं।



रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया।

## शांतिपुर में युवक की हत्या मामले में मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर थाना अंतर्गत साहेबडांगा इलाके में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। उक्त दोनों गिरफ्तारी के बाद इस मामले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 4 हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार दोनों लोगों ने पूछताछ के दौरान हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है। पुलिस को उम्मीद है कि इस स्वीकारोक्ति के आधार पर जांच में आगे प्रगति होगी। इस मामले में तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, और जांचकर्ताओं का मानना है कि नए मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से जांच में बड़ी प्रगति हुई है। पुलिस का दावा है कि हत्या आपसी विवाद के कारण हुई।

## हावड़ा मंडल ने यात्रियों के लिए स्वच्छ पानी और कोचों की गहन सफाई सुनिश्चित की




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को हावड़ा स्टेशन पर विशेष स्वच्छता पहल आयोजित की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था, जिसके लिए पानी भरने के स्थानों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही यात्रियों को अधिक स्वच्छ और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए कोचों की गहन सफाई अभियान भी चलाया गया। इस दौरान विशेष रूप से स्वच्छता, गंदगी और कचरे को हटाने तथा डिब्बों के अंदर स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया गया। हावड़ा मंडल की यह पहल यात्रियों की सुविधा और स्वच्छता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# विज्ञापनों से ढका शहर का चेहरा, हाई कोर्ट ने मेट्रो और नगर निगम से तलब की रिपोर्ट



**कोलकाता :** कोलकाता और आसपास के शहरों में कानून की अनदेखी कर जगह-जगह विज्ञापन और होर्डिंग लगाने पर रोक लगाने की मांग को लेकर एक नई जनहित याचिका दायर हुई है। इस मामले में न्यायमूर्ति सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की डिवीजन बेंच ने कोलकाता नगर निगम, शहरी विकास विभाग, मेट्रो रेल सहित संबंधित सरकारी संस्थानों से पूर्व के आदेशों को लागू न करने के कारण बताते हुए शपथपत्र तलब किया है।

विज्ञापन नियंत्रण को लेकर 2008 में हाईकोर्ट ने आदेश दिया था। 2017 में नगर निगम और शहरी विकास विभाग ने शहर के कई इलाकों को ग्रीन ज़ोन घोषित किया था, जहाँ विज्ञापन लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। लेकिन व्यवहार में इन आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि दो साल पहले मेट्रो के प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर ने अधिसूचना जारी की थी कि मेट्रो की किसी भी संरचना का इस्तेमाल विज्ञापन के लिए नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद अब मेट्रो के खंभों से लेकर अन्य ढांचों पर अवैध विज्ञापन लगाए जा रहे हैं। दिसंबर 2023 से कोलकाता शहर में क्यूआर कोड प्रणाली के जरिए अवैध विज्ञापनों की पहचान की जा रही है। पिछले साल अक्टूबर में कैप्टन भेरी इलाके में एक होर्डिंग गिरा था। इसी वर्ष 7 मार्च को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में संयुक्त समिति ने इन अवैध होर्डिंग्स पर रिपोर्ट सौंपी। इस जनहित याचिका को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व काउंसिलर अनिंद्य चट्टोपाध्याय ने दायर किया है।

## बादाम कैसे बढ़ाते हैं आपकी दैनिक न्यूट्रिशन क्षमता

**कोलकाता, समाज्ञा :** संतुलित आहार अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। इस साल राष्ट्रीय पोषण माह की थीम भोजन हमें जोड़ता है बताती है कि पोषण न सिर्फ शरीर बल्कि हमारे रिश्तों के लिए भी महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिन की शुरुआत पोषणयुक्त विकल्पों, जैसे बादाम, फल और साबुत अनाज से करने से शरीर को जरूरी ऊर्जा मिलती है और पूरे दिन चुस्ती बनी रहती है। कैलिफोर्निया बादाम में जिंक, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन ई सहित 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। आईसीएमआर-एनआईएन के नए दिशानिर्देशों में भी रोजाना बादाम खाने की सिफारिश की गई है, जो दिल की सेहत सुधारने, ब्लड शुगर नियंत्रित करने और वजन प्रबंधन में सहायक है। रीजनल हेड डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली, रितिका समद्दार ने कहा, मैं लोगों से अपील करती हूं कि वे अपनी सेहत को गंभीरता से लें और सोच-समझकर खाने के चुनाव करें, रोज के भोजन में पोषणयुक्त चीजें जैसे बादाम, को शामिल करें।

## श्री जैन विद्यालय हावड़ा में छात्रों ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**हावड़ा :** हावड़ा स्थित श्री जैन विद्यालय में देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक-शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंदु जोसेफ चौधरी एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा केक काटकर की गई। इस अवसर पर छात्रों ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न छात्रों ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान में स्वागत गीत गाए और भावपूर्ण शब्दों के माध्यम से आभार व्यक्त किया। समारोह में शिक्षक-प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, प्रणवेश मिश्र, सतीश सिंह, अनामिका तिवारी, जगत नारायण सिंह, रामपुकार शर्मा, सोमेन चक्रवर्ती और चंदा सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका इंदु जोसेफ चौधरी ने छात्रों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन मूल्यों और उनके महत्व से अवगत कराया तथा उन्हें आत्मसात करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने मनाया 24वां स्थापना दिवस

❑ सिल्वर जुबली वर्ष की हुई शुरुआत




**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एचआईटी) ने शुक्रवार को अपना 24वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते हुए सिल्वर जुबली वर्ष की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विश्वविद्यालय, बेलूर मठ के प्रो-चांसलर स्वामी आत्मप्रियानंदजी महाराज ने सिल्वर जुबली लोगो और न्यूजलेटर का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल तथ्यों का संग्रह नहीं बल्कि ज्ञान, करुणा और समाज में सार्थक योगदान का माध्यम है। समारोह में हेरिटेज समूह के चेयरमैन एच.के. चौधरी ने कहा कि एचआईटी ने साधारण शुरुआत से आज इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के केंद्र तक की यात्रा तय की है। चेयरमैन पी.आर. अग्रवाल ने कहा कि सिल्वर जुबली केवल अतीत का उत्सव नहीं बल्कि आने वाले 25 वर्षों के लिए छात्रों को अत्याधुनिक ज्ञान और मूल्यों से सशक्त बनाने का संकल्प है। प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी ने कहा कि संस्थान के विद्यार्थी और शिक्षक शोध व नवाचार में लगातार उत्कृष्टता दिखा रहे हैं। सीईओ पी.के. अग्रवाल ने कहा कि एचआईटी भविष्य के ऐसे नेताओं को गढ़ने के लिए समर्पित है जो तकनीकी रूप से दक्ष होने के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी जिम्मेदार हों।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद सेंटर ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम्स का उद्घाटन किया गया तथा छात्रों, संकाय सदस्यों और पूर्व छात्रों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने एचआईटी की शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक विकास के प्रति सतत प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया।

## व्हाट्सएप आईडी फर्जीवाड़ा मामले में नासिक से एक और आरोपी गिरफ्तार

❑ अब तक चार गिरफ्तारियां

**कोलकाता :** पार्क स्ट्रीट थाना क्षेत्र में करोड़ों की ठगी मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नासिक से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस तरह अब तक इस मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मामला एक इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हेमंत खेमा का फर्जी व्हाट्सएप आईडी बनाकर कंपनी के अकाउंटेंट को धोखे से 1.55 करोड़ ट्रांसफर कराने का है। आरोपियों ने डायरेक्टर की तस्वीर का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप पर नया नंबर बताकर अकाउंटेंट को संदेश भेजे और कथित बिज़नेस कामकाज के बहाने रकम चार अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवाई।

इससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और आरोपियों ने अनुचित लाभ उठाया। जांच के दौरान पहले तीन आरोपियों - विसंजय कुमार, जबीर अली और अमित चव्हाण - को कोलकाता और औरंगाबाद (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया गया था।

अब पुलिस ने चौथे आरोपी योगेश सूर्यवंशी (39), निवासी अमृतधाम, नासिक को शुक्रवार तड़के गिरफ्तार किया। प्राथमिक पूछताछ में उसने अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है और पुलिस को आगे की जांच में अहम सुराग भी दिए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, योगेश सूर्यवंशी ने आरोपी नंबर 3 के लिए बैंक खाता धारक की व्यवस्था की थी और उसे नई दिल्ली ले गया था, जहां से पूरी साजिश को अंजाम दिया गया। आरोपी को नासिक की अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की मांग की जाएगी, ताकि उसे कोलकाता लाकर आगे की पूछताछ की जा सके।

पुलिस का कहना है कि इस संगठित साइबर ठगी गिरोह के और भी सदस्यों की तलाश जारी है।

## कोलकाता-लखनऊ एवं मालदह टाउन-आनंद विहार के बीच चलेंगी पूजा स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए कोलकाता-लखनऊ और मालदह टाउन-आनंद विहार टर्मिनल के बीच पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन विशेष ट्रेनों के संचालन से यात्रियों के लिए अतिरिक्त 40,700 बर्थ उपलब्ध होंगी।

03107 कोलकाता-लखनऊ पूजा स्पेशल प्रत्येक गुरुवार रात 23:55 बजे (02 अक्टूबर से 06 नवंबर तक) कुल 6 ट्रिप, कोलकाता से चलेगी और तीसरे दिन 00:10 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में 03108 लखनऊ-कोलकाता पूजा स्पेशल प्रत्येक शनिवार 01:40 बजे (04 अक्टूबर से 08 नवंबर तक) कुल 6 ट्रिप, लखनऊ से चलेगी और अगले दिन 00:40 बजे कोलकाता पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 स्टेशनों पर रुकेगी जिनमें नैहाटी, बंडेल, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह शामिल हैं।

इसी प्रकार, 03435 मालदह टाउन-आनंद विहार पूजा स्पेशल प्रत्येक सोमवार सुबह 09:30 बजे (29 सितंबर से 24 नवंबर तक) कुल 9 ट्रिप, मालदह टाउन से चलेगी और अगले दिन 13:40 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में 03436 आनंद विहार-मालदह टाउन पूजा स्पेशल प्रत्येक मंगलवार 15:45 बजे (30 सितंबर से 25 नवंबर 2025 तक) कुल 9 ट्रिप, चलेगी और अगले दिन 21:05 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 स्टेशनों पर रुकेगी जिनमें न्यू फरक्का, साहिबगंज, भागलपुर, जमालपुर और अभयपुर शामिल हैं।

## पूर्व रेलवे की 'ऑपरेशन सतर्क' कार्रवाई में भारी नकदी व चांदी बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क अभियान के तहत लगातार सतर्कता बढ़ाई जा रही है। इसी क्रम में 3 सितंबर को हावड़ा मंडल के अंतर्गत डानकुनी स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मियों ने एक पुरुष यात्री को संदिग्ध हालात में पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 12,74,032 की भारतीय मुद्रा और 3.051 किलोग्राम चांदी बरामद की गई। यात्री इनकी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। इसके बाद, 4 सितंबर को आरोपी को बरामद नकदी और चांदी सहित आयकर विभाग, कोलकाता के हवाले कर दिया गया ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## मेमारी में 'डायन' बताकर बुजुर्ग महिला की हत्या, चार गिरफ्तार



**पूर्व बर्दवान :** जिले के मेमारी थाना इलाके में 'डायन' बताकर एक बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मृतका की पहचान लक्ष्मी हेम्ब्रम (84) के रूप में की गई है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना मेमारी थाना अंतर्गत देवीपुर ग्राम पंचायत के गौरीपुर गांव में हुई। बताया गया है कि लक्ष्मी हेम्ब्रम उक्त गांव में घर में अकेली रहती थीं। शुक्रवार की सुबह घर के पास एक तालाब में बुजुर्ग महिला का शव तैरता हुआ देखा गया। घटना को देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। खबर मिलने के बाद मेमारी थाने की पुलिस मौके पर गई। शव को तालाब से बरामद किया गया। बुजुर्ग महिला के शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान थे। इतना ही नहीं, वृद्ध महिला के घर से तालाब तक जाने वाली कच्ची सड़क पर किसी चीज को घसीटने के भी निशान थे। आरोप है कि घर के सामने ही वृद्ध महिला की हत्या कर दी गई और उसका शव तालाब में फेंक दिया गया। इतना ही नहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि डायन बताकर वृद्धा की हत्या की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके के चार लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाने ले गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एगरा में शिक्षक की पिटाई से 21 छात्रा पड़े बीमार, शिक्षक गिरफ्तार



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के एगरा में स्थित अस्तिचक सुरेंद्र-योगेंद्र विद्यापीठ में गुरुवार को स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक बिप्लव पांडा कक्षा के दौरान छात्राओं की पिटाई की। इस घटना में कई छात्रा गंभीर रूप से बीमार हो गई, जिनमें से 21 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी शुक्रवार को पुलिस ने दी है। मिली जानकारी के अनुसार, रोज़ की तरह गुरुवार को भी छात्र-छात्राएं कक्षा में उपस्थित थे। दोपहर के समय जब शिक्षक बिप्लव पांडा कक्षा आठवीं में पढ़ाने पहुंचे, तभी उन्होंने अचानक छात्राओं की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना के बाद स्कूल परिसर में अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने आरोपित शिक्षक सहित कई अन्य शिक्षकों को कक्ष के अंदर बंद कर विरोध-प्रदर्शन किया। हालात बिगड़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अभिभावकों को शांत कराया। बाद में, पुलिस ने आरोपित शिक्षक को हिरासत में ले लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### कोलकाता के बाद अब जिला पुलिस को भी त्योहार में छुट्टी न लेने की सलाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के बाद, अब राज्य पुलिस के एडीजी कानून-व्यवस्था जावेद शमीम ने सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को संदेश भेजकर आगामी त्योहार के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से छुट्टी न लेने की सलाह दी है। राज्य पुलिस निदेशालय के अनुसार, राज्य पुलिस के सभी स्तरों को निर्देश भेजे गए हैं कि 2025 में दुर्गा पूजा से लेकर छठ पूजा तक पुलिस कर्मचारियों को छुट्टी न दी जाए। इस निर्देश का पालन 20 सितंबर से 29 अक्टूबर तक करने को कहा गया है। अगर कोई आपात स्थिति और मेडिकल इमरजेंसी जैसी कोई वजह होगी, तो उस पर विचार किया जाएगा, यानी कर्मचारी को छुट्टी दी जा सकती है। निर्देश में पूजा के दिनों में राज्य भर में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिस कर्मियों को सतर्क और चौकस रहने को कहा गया है। साथ ही, निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। भवानी भवन ने अफवाह फैलने या अप्रिय घटना घटने की आशंका होने पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा है।

### कोलकाता मेट्रो में यात्रियों को मिली सुचारू और आरामदायक सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन द्वारा 07 सितंबर को आयोजित होने वाली द्वितीय राज्य स्तरीय चयन परीक्षा में उम्मीदवारों की सुविधा के लिए कोलकाता मेट्रो ने ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर सुबह 9 बजे से सामान्य सेवाएं प्रदान करेगी। मेट्रो रेलवे की टीम के सामूहिक प्रयास और यात्रियों के सहयोग से मेट्रो सेवाएं शुक्रवार को सुचारू रूप से चली। शुक्रवार को शाम 6 बजे तक, अवकाश होने के बावजूद, मेट्रो के सभी मार्गों में लगभग 4.65 लाख यात्रियों ने यात्रा किया। इसमें से ब्लू लाइन पर 3.39 लाख और ग्रीन लाइन पर 1.13 लाख यात्रियों ने यात्रा किया। इस पहल से परीक्षा के उम्मीदवारों और सामान्य यात्रियों दोनों को सुविधा मिली है, जबकि मेट्रो रेलवे ने समय पर और सुरक्षित सेवाएं सुनिश्चित की हैं।

### भाजपा की वरिष्ठ नेता अग्निमित्रा पॉल अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा की वरिष्ठ नेता और आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पॉल को गुरुवार की रात यहां एक सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पता चला है कि इस दिन, विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस द्वारा पेश किए गए एक प्रस्ताव पर तीखी बहस के दौरान अराजक दृश्य सामने आने के कुछ घंटों बाद स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के बाद उन्हें भर्ती कराया गया। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि भाजपा विधायक की घर लौटने के बाद तबीयत खराब हो गई और उन्हें ईएम बाईपास स्थित अस्पताल ले जाया गया। परिवार के सदस्य ने कहा कि घर लौटने पर वह अस्वस्थ महसूस करने लगीं क्योंकि विधानसभा में हुए हंगामे के कारण वह अत्यधिक तनाव में थीं। उनका सीटी स्कैन कराया गया और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में निगरानी में रखा गया है। अगले कुछ दिनों में वह सामान्य हो जाएंगी। उन्होंने एक सवाल के उत्तर में कहा कि परीक्षणों में सामने आया है कि अत्यधिक मानसिक तनाव के कारण उनकी नसों पर काफी दबाव पड़ा है, लेकिन अब वह स्वस्थ हैं और एक प्रसिद्ध न्यूरो मेडिसिन विशेषज्ञ के उपचार में उनकी हालत में सुधार हो रहा है।

### अमेज़न ने एक्सियो का अधिग्रहण किया, वित्तीय सेवाओं का विस्तार होगा तेज

**कोलकाता :** अमेज़न ने भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) से मंज़ूरी मिलने के बाद अग्रणी डिजिटल ऋण और चेकआउट फाइनेंस कंपनी एक्सियो (पूर्व कैपिटल फ्लोट) का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। यह भारत में अमेज़न के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक है, जिससे कंपनी की वित्तीय सेवाओं के पोर्टफोलियो को नई मजबूती मिलेगी। अमेज़न पेमेंट्स के वाइस प्रेसिडेंट महेंद्र नेरूकर ने कहा कि देश में अभी केवल हर 6 में से 1 ग्राहक को ही चेकआउट फाइनेंसिंग की सुविधा है, इसलिए क्रेडिट एक्सेस बढ़ाना कंपनी की प्राथमिकता है। अधिग्रहण के बाद भी एक्सियो अपनी मौजूदा नेतृत्व टीम के साथ अमेज़न की सहायक कंपनी के रूप में काम करता रहेगा। कंपनी के सह-संस्थापक शशांक ऋष्यश्रृंगा और गौरव हिंदुजा ने कहा कि यह गठबंधन आने वाले वर्षों में 10 करोड़ भारतीयों तक डिजिटल ऋण पहुँचाने में मदद करेगा।

# लगातार बारिश से मंदिरबाजार में मिट्टी के घर की दीवार ढही, मां और दो बेटियों की मौत

## स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का किया दौरा, मंदद का आश्वासन



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के मंदिरबाजार थाना क्षेत्र में शुक्रवार के तड़के मिट्टी के बने एक घर की दीवार अचानक ढहने से मां और उसकी दो नाबालिग बेटियों की दबकर मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मंदिरबाजार के कामारपाड़ा इलाके में रहने वाली बृहस्पति कर्मकार (43) अपने घर में अपनी दोनों बेटियों शिला कर्मकार (15) और प्रिया कर्मकार (10) के साथ सो रही थीं। तड़के अचानक कच्चे घर की दीवार जोरदार आवाज के साथ गिर पड़ी और तीनों उसके नीचे दब गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसी बाहर आए और घटनास्थल की ओर दौड़े। उन्होंने तुरंत मां-बेटियों को मलबे से निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, हाल ही में कर्मकार परिवार को 'बांग्ला आवास योजना' के तहत पक्का घर बनाने के लिए दूसरी किस्त की धनराशि मिल चुकी थी, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। लगातार बारिश की वजह से मिट्टी के घर की दीवार और नींव कमजोर हो गई थी। खतरे को जानने के बावजूद परिवार उसी घर में रह रहा था। घटना के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे की खबर पाकर मंदिरबाजार के विधायक जयदेव हालदार भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### मतुआ महासंघ ने ममता को लिखा पत्र, महुआ मोइत्रा पर कार्रवाई की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मतुआ समुदाय की प्रमुख संस्था 'ऑल इंडिया मतुआ महासंघ' ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महासंघ का कहना है कि सांसद के हालिया बयान से मतुआ समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए उन्हें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। महासंघ का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य ममता बाला ठाकुर करती हैं। हालांकि, पत्र महासंघ की ओर से महासचिव सुकेश चौधरी ने लिखा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी संगठन ने मीडिया के जरिए महुआ मोइत्रा को बयान वापस लेने और बिना शर्त माफी मांगने का संदेश भेजा था, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया। इसी कारण अब मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर उन्हें फटकार लगाने की अपील की गई है। हाल ही में, कृष्णनगर में एक जनसभा के दौरान महुआ मोइत्रा ने मतुआ मतदाताओं की भाजपा झुकाव को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि साल भर तृणमूल कांग्रेस के साथ रहते हो और चुनाव आते ही पारंपरिक हिंदू की तरह बर्ताव करने लगते हो। काम चाहिए, योजनाओं का लाभ चाहिए तो ममता बनर्जी के पास आते हो। भत्ता लेने के लिए लकड़ी की चूड़ियां पहनकर आ जाते हो। फिर चुनाव में क्या हो जाता है, यह मैं जानती हूं। मेरा भाषण वायरल होगा, लेकिन मुझे परवाह नहीं। महुआ के इस बयान पर मतुआ महासंघ ने तीखी आपत्ति जताई है। संगठन का कहना है कि यह बयान समाज के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। महासंघ का कहना है कि उन्हें उम्मीद है मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस मामले में हस्तक्षेप कर महुआ मोइत्रा को कड़ी चेतावनी देंगी।

### चकदह में बैंक डकैती मामले में मैनेजर और कर्मचारी पुरी से गिरफ्तार

❑ **मामले में अबतक पांच गिरफ्तारी**



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चकदह स्थित एक निजी बैंक में हुई डकैती के सिलसिले में गुरुवार की रात बैंक मैनेजर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभिजीत घोष बैंक का मैनेजर है और बप्पा घोष उसी बैंक का कर्मचारी है। शुक्रवार को उन्हें कल्याणी उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। इस घटना में अब गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। उल्लेखनीय है कि गत 19 अगस्त को नदिया के चकदह थाना अंतर्गत लालपुर स्थित एक निजी बैंक में डकैती हुई थी। बताया गया है कि शाम को दो हथियारबंद बदमाश बैंक में घुसे और चार कर्मचारियों को हिरासत में लिया। वे करीब 15 किलो 700 ग्राम सोने के गहने लेकर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद चकदह थाने की पुलिस ने कार्रवाई की। जांचकर्ताओं ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए। दोनों बदमाश वहां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उस फुटेज को दिखाकर विभिन्न स्थानों की तलाशी ली गई। प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की गई। जांचकर्ताओं ने बैंक कर्मचारियों से सिलसिलेवार पूछताछ की। इसके बाद, पुलिस ने अलग-अलग जगहों से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। कल्याणी उपजिला न्यायालय ने उन्हें 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान कई सनसनीखेज जानकारियां सामने आईं। राणाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार मौर्य ने बताया कि हमने डकैती की घटना में शामिल 3 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। उनसे पूछताछ के दौरान, हमने डकैती में इस्तेमाल किए गए 4 किलो 600 ग्राम सोना, एक बन्दूक, कपड़े और टोपी बरामद की। बाकी सोना बरामद करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस घटना में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इसके बाद, पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी। गुरुवार की रात चकदह थाने की पुलिस ने डकैती में शामिल होने के आरोप में बैंक मैनेजर समेत दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया।

### प्रगति मैदान में दोस्तों साथ मिलकर बेटे ने लूटा पिता का पैसा, बेटा समेत चार गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दोस्तों साथ मिलकर अपने पिता के पैसे लूटने के आरोप में एक कलयुगी बेटे को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद, प्रगति मैदान थाने के पुलिस अधिकारियों को सबसे पहले शक हुआ। उस जानकारी के आधार पर, पुलिस ने आरोपी बेटे बलाई हलदर को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद, पुलिस ने उसके तीन दोस्तों, अमन, अजीत और जीत को गिरफ्तार किया। कथित तौर पर, उन्होंने बलाई की योजना के अनुसार डकैती की योजना बनाई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बलाई हलदर की मां ने पार्क सर्कस में एक घर की बिक्री के लिए खरीदार से अग्रिम भुगतान के रूप में लगभग साढ़े तीन लाख रुपये एकत्र किए थे। वह पार्क सर्कस से बायपास होते हुए अपने बेटे की बाइक पर लौट रही थी। शिकायत के अनुसार, जब बलाई बाइक को परमा द्वीप के पास एक सुनसान जगह पर ले गया, तो तीन युवकों ने बाइक को घेर लिया। उन्होंने बंदूक की नोक पर तीन लाख से अधिक रुपयों से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए। बलाई ने खुद इस संबंध में प्रगति मैदान थाने में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन, सीसीटीवी फुटेज में लुटेरों के लूटने और भागने के तरीके देखकर पुलिस को शक हुआ। अफसरों ने बेटे बलाई से थाने में कड़ी पूछताछ की। बताया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान बलाई टूट गया और उसने बताया कि उसे पता था कि उसकी मां उसके पिता के पैसे लेकर बाइक पर वापस आएगी। इसलिए उसने और उसके तीन दोस्तों ने लूट का ड्रामा रचा। उन्होंने पूरी तरह से सही काम किया और सारा पैसा लूटकर फरार हो गए। मां को इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि यह उसके बेटे की करतूत है। बलाई से पूछताछ की गई और बाकी लोग भी पकड़े गए। पुलिस ने बताया कि इनसे पूछताछ कर लूटी गई पूरी रकम बरामद करने की कोशिश की जा रही है।

### सियालदह मंडल में दो नई एसी ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं की शुरुआत



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने उपनगरीय यात्रियों की सुविधा के लिए शुक्रवार को दो नई एसी ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं की शुरुआत की। इन नई ट्रेनों में बनगांव होते हुए राणाघाट-सियालदह और कृष्णनगर-सियालदह एसी ईएमयू लोकल सेवाएं शामिल हैं। दोनों ट्रेनों का शुभारंभ शुक्रवार को सफलतापूर्वक किया गया और यात्रियों की ओर से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली। राणाघाट से सियालदह के बीच चलने वाली ट्रेन में उल्लेखनीय संख्या में यात्रियों ने सफर किया, वहीं कृष्णानगर-सियालदह सेवा को भी यात्रियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और इसे लेकर काफी उत्साह देखा गया। इन एसी ईएमयू सेवाओं की शुरुआत सियालदह मंडल के लिए एक महत्व-पूर्ण पड़ाव है, जिससे लंबे समय से लंबित यात्री सुविधा की मांग पूरी हुई है। पूर्व रेलवे लगातार नई तकनीकों और बेहतर सुविधाओं को अपनाकर लाखों दैनिक यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को और भी सुगम बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

### कोलकाता हवाई अड्डे से गिरफ्तार विदेशी महिला को 10 साल की जेल

❑ **ड्रग्स रखने का था आरोप, बारासात कोर्ट ने सुनाई सजा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक विदेशी महिला नागरिक को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार महिला को दोषी पाया गया और बारासात अदालत में सजा सुनाई गई। महिला को 10 साल जेल की हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। साथ ही, एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बताया गया है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारियों ने एक गुप्त स्रोत से सूचना मिलने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे पर निगरानी बढ़ा दी थी। एक विदेशी नागरिक को देखकर सुरक्षा गार्डों को शक हुआ। महिला यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सामान की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुई। महिला यात्री को एनसीबी ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला का नाम डेविड ब्लेसिंग है। महिला यात्री के पास से 20 एलएसडी पेपर और 12 ग्राम कोकीन बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि यह ड्रग बाजार में काफी महंगा है। शुरुआती पूछताछ के बाद विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ का सिलसिला शुरू हुआ। मामले की सुनवाई उत्तर 24 परगना के बारासात कोर्ट में शुरू हुई। हाल ही में, कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई। उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया और न देने पर उसे पांच महीने और जेल में बिताने का आदेश दिया गया।

### बॉडी मसाज के नाम पर युवक से उत्पीड़न, तस्वीरें वायरल करने की धमकी, लूटे नकद व सोने की अंगूठी

#### क्रेडिट कार्ड से एक लाख का मोबाइल भी खरीदा, न्यू मार्केट थाने में शिकायत दर्ज



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में बॉडी मसाज के नाम पर एक युवक के साथ उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है। बताया गया है कि युवक की अश्लील तस्वीरें लेने और उन्हें वायरल करने की धमकी, मारपीट कर सोने की अंगूठियां, हजारों रुपये छीनने और क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये के फोन ऑर्डर करने का आरोप लगा है। उत्पीड़न के शिकार ने न्यू मार्केट थाने में एक अज्ञात युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोस्ता के शोभाराम स्ट्रीट इलाके के एक युवक की मुलाकात एक ऐप के जरिए एक युवक से हुई। शिकायतकर्ता युवक का दावा है कि उस युवक दिल्ली का रहने वाला है और उसने खुद को बॉडी मसाज थेरेपिस्ट बताया। परिचय के बाद कुछ दिनों तक बातचीत करने के बाद आरोपी युवक ने उसे न्यू मार्केट थाना क्षेत्र के एक होटल में बुलाया। पोस्ता का युवक गत 21 अगस्त को उस होटल में गया था। पोस्ता निवासी युवक ने आरोप लगाया कि जब वह होटल के कमरे में दाखिल हुआ तो उसने देखा कि कमरे में पहले से ही एक व्यक्ति मौजूद था। आरोप है कि बॉडी मसाज के लिए युवक ने जैसे ही कपड़े उतारे, दो और युवक कमरे में घुस आए। फिर, उन्होंने उसके साथ मारपीट की और अश्लील तस्वीरें खींच लीं। आरोप है कि तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर उन्होंने युवक से 21 हज़ार रुपये नकद और एक सोने की अंगूठी छीन ली। इसके अलावा, पोस्ता निवासी युवक ने थाने में लिखित शिकायत दी है कि क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपये का मोबाइल भी खरीदा गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जूट क्षेत्र में नवाचार पर दिया जोर



**कोलकाता :** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने भारतीय जूट उद्योग अनुसंधान संघ (इजिरा), कोलकाता में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जूट क्षेत्र को अधिक कुशल और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए तकनीकी नवाचार बेहद आवश्यक है।

मंत्री ने संस्थान में विकसित नई मशीनों के प्रोटोटाइप और जूट फाइबर ग्रेडिंग के लिए तैयार किए जा रहे एआई-आधारित औद्योगिक मॉडल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की तकनीकें गुणवत्ता मानकों को बेहतर बनाने, किसानों का भरोसा मजबूत करने और बाज़ारों के विस्तार में अहम भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने बताया कि पारंपरिक पानी-आधारित रेटिंग प्रक्रिया और पुरानी मशीनरी जूट उत्पादन की बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे में मिनिमल वाटर रेटिंग और आधुनिक ग्रेडिंग सिस्टम जैसी तकनीकें उत्पादकता बढ़ाने और आयातित मशीनों पर निर्भरता घटाने में सहायक होंगी।

सिंह ने कहा कि सरकार का वन मिल वन विलेज कार्यक्रम ग्रामीण रोजगार सृजन में मददगार होगा। उन्होंने 2030 तक प्राकृतिक रेशों में बड़े सुधार की आवश्यकता जताई और जूट को अन्य कपड़ों के साथ मिलाकर फैशन और निर्यात में नई संभावनाओं पर जोर दिया।

बैठक में बांस और शीशम जैसे सहायक रेशों पर चल रहे अनुसंधान पर भी चर्चा हुई। सिंह ने कोलकाता स्थित इजिरा, क्रिजाफ और निनफेट जैसे संस्थानों की सराहना करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा जूट उत्पादक होने के नाते प्राकृतिक रेशा प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन सकता है।

### सियालदह स्टेशन पर धर दबोचे गए अंतरराज्यीय लुटेरे

**कोलकाता, समाज्ञा :** लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो कुख्यात अपराधियों को सियालदह स्टेशन से गिरफ्तार किया है। लालबाजार की चोरी दमन शाखा ने शुक्रवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए इन्हें पकड़ा। आरोपितों के नाम सौरभ यादव और युसुफ अली हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह मुंबई, पुणे और ठाणे के इलाकों में कई लूटपाट कर चुका है। अपराधी पहले घरों की रेकी करते थे और मौका मिलते ही खाली घरों से सोना, गहने और नकदी लेकर फरार हो जाते थे। लगातार बढ़ती वारदातों से परेशान महाराष्ट्र पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी थी। दबाव बढ़ने पर गिरोह ने पश्चिम बंगाल का रुख किया और मुर्शिदाबाद के लालगोला इलाके में ठिकाना बना लिया। हाल ही में, इस गिरोह ने कोलकाता के बेहला इलाके में एक घर में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद से ही लालबाजार पुलिस इनकी तलाश में जुट गई थी।

गुप्त सूचना मिलने पर शुक्रवार की सुबह दोनों आरोपित लालगोला से सियालदहगामी ट्रेन से कोलकाता पहुंचे, जहां पहले से मौजूद पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। लालबाजार की टीम गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। साथ ही, राज्य पुलिस भी अलग से उनसे जानकारी लेगी। मुंबई पुलिस को भी इस गिरफ्तारी की सूचना दी जाएगी। जांचकर्ता यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि गिरोह में और कौन-कौन शामिल है और किस तरह से यह नेटवर्क काम करता था।

## न्यूज अपडेट

### सड़क हादसे में बागनान थाने के कांस्टेबल की मौत, दो घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बागनान थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, पुलिस की गश्ती की गाड़ी के पीछे खड़े कांस्टेबल रामपद मंडल (56) पर तेज गति से आ रही टाटा गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि रामपद मंडल बुरी तरह घायल हो गए और उनके दोनों पैर कट गए। उन्हें तुरंत बागनान ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में एक सब-इंस्पेक्टर सहित दो अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने टाटा वाहन जब्त कर लिया है, जबकि चालक फरार है और उसकी तलाश जारी है। हावड़ा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुविमल पाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस गाड़ी केवल थोड़ी देर रुकने के लिए खड़ी थी।

### नीति-प्रतिपालक हैं राम : पुरूषोत्तम तिवारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रभु राम का शरणागत स्वभाव को जो मनुष्य जान लेता है वह दूसरे वह दूसरे देव के भजन में मन लगता। प्रभु राम के शरणागत स्वभाव को जानकर बंदर, भालू समझ गए कि रामजी ने विभीषण को लंका का राजा बनाकर अपने पक्ष में ले लिया है और वे बोल पड़े रामचंद्र की जय। भगवान सबको जानते हैं, सबके हृदय में रहते हैं, सर्व रूप हैं, सबसे रहित हैं और उदासी है। फिर भी नीति के प्रतिपालक हैं। वे कारणवश मनुष्य शरीर धारण किए हैं। प्रभु राम कहते हैं, कपीश सुग्रीव, लंकापति विभीषण, वीर जामवंत सुनो, यह समुद्र तो बड़ा गहरा, इसको किस तरह पार किया जाय? यह पूछना ही बतलाता है कि राम नीति-प्रतिपालक हैं। ये बातें सत्संग भवन ट्रस्ट मंडल एवं विश्वदेवानंद चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पद्मश्री से सम्मानित की डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र के पावन स्मृति में श्री राम कथा के अंतर्गत सुंदरकांड पर प्रवचन करते हुए गृहस्थ पुरुषोत्तम तिवारी ने स्वामी कृष्णानंद सभागार में कहीं। व्यास पीठ के आग्रह पर विद्यार्थियों व श्रद्धालुओं ताली बजाकर मंच संचालक महावीर प्रसाद रावत के उनके 75वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अवसर पर समाजसेविका बबीता दीवान ने विद्यार्थियों, शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर डॉ. शिप्रा मिश्र, डॉ.कमल कुमार, दिव्या प्रसाद, दीक्षा गुप्ता, परम पंडित, अशोक तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान



**हावड़ा, समाज्ञा :** शिवपुर (हावड़ा) एवं बिहार स्थित ऑल इंडिया हेल्पिंग केयर फाउंडेशन के दोनों संस्थानों में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका नंदिता कुमारी, अंजलि साव, निकिता तिवारी एवं सुहाना तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। संस्थान के सदस्य राहुल कुंवर ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। ऑल इंडिया हेल्पिंग केयर फाउंडेशन द्वारा संचालित इन संस्थानों में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा, सेल्फ डिफेन्स प्रशिक्षण और आर्ट क्लासेस भी कराई जाती हैं, जिससे वे शिक्षा के साथ-साथ जीवन के अन्य महत्वपूर्ण कौशल भी सीख सकें।

### फर्जी ट्रैफिक चालान बनाकर साइबर धोखाधड़ी, इंजीनियरिंग छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी ट्रैफिक चालान बनाकर साइबर धोखाधड़ी करने के आरोप में एक इंजीनियरिंग छात्र को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम शोभन सांतरा (19) है। पता चला है कि बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में फर्जी ट्रैफिक चालान जारी करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने उसी शिकायत के आधार पर आरोपी छात्र को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि पिछले महीने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे एक ट्रैफिक पुलिस से चालान मिला और उसके बैंक खाते से जुर्माने के तौर पर 40 हजार रुपये काट लिए गए। व्यक्ति के एहसास हो गया कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। इसके बाद, उसने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने का दरवाजा खटखटाया। जांच शुरू हुई। सूचना के आधार पर बिधाननगर पुलिस ने बारानगर से एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक इंजीनियरिंग का छात्र है। गिरफ्तार व्यक्ति से प्रारंभिक पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

### मिनाखां में खाने का लालच देकर पड़ोसी ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट के मिनाखां थाना इलाके में नाबालिग लड़की को खाने का लालच देकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक पड़ोसी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम इस्माइल गाजी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि नाबालिग लड़की और इस्माइल गाजी मिनाखां थाना क्षेत्र के निवासी हैं। उस सूत्र के अनुसार, दोनों एक-दूसरे को जानते भी थे। कथित तौर पर, चौथी कक्षा की छात्रा गुरुवार को अपने घर के पास अकेली थी। तभी, इस्माइल ने उसे खाने का लालच देकर अपने पास बुलाया और उसे वह सड़क के किनारे एक जंगल में ले गया। वहां उसने नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। लड़की की चीख सुनकर उसके माता-पिता और स्थानीय लोग जंगल की ओर दौड़े। इस पर, आरोपी मौके से फरार हो गया। नाबालिग लड़की को बचाकर अस्पताल ले जाया गया। परिवार ने मिनाखां थाने में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत घटना की जांच शुरू कर दी और विभिन्न स्थानों पर घर की तलाशी शुरू की गई। आरोपी इस्माइल गाजी को रात में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को, आरोपी को बशीरहाट उपजिला न्यायालय ले जाया गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों से हिरासत में पूछताछ की जाएगी। बताया जा रहा है कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और अदालत में उसका गुप्त बयान लिया जाएगा।

### ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने शुरू की 90वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (ईआरएसए) द्वारा 90वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन शुक्रवार से कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) मैदान में किया गया। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 5 से 7 सितंबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर ईआरएसए के अध्यक्ष एवं सीएओ (सिस्टम्स), पूर्व रेलवे सत्यकी नाथ भी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर शीलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां हर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर नए कीर्तिमान स्थापित करने का आह्वान किया। इस चैंपियनशिप में विभिन्न जोनल रेलवेज और उत्पादन इकाइयों की 23 टीमें हिस्सा ले रही हैं। कुल 586 प्रतिभागियों में एथलीट्स, कोच और टीम मैनेजर्स शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में अर्जुना पुरस्कार विजेता खिलाड़ी – सोमा विश्वास, सरस्वती साहा, जी.जी. प्रमिला, जोसेफ अब्राहम तथा ओलंपियन रेनजीथ महेश्वरी, किरण, प्राची और राजेश रमेश भी हिस्सा ले रहे हैं। 90वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप में पोल वॉल्ट, मैराथन, मिक्स रिले, 20,000 मीटर रेस वॉक, 35 किमी रेस वॉक, डेकाथलॉन, हेप्थलॉन समेत कई खेल प्रतिस्पर्धाएं शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह 7 सितंबर 2025 को सॉल्ट लेक स्थित एसएआई मैदान में आयोजित किया जाएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को मोहाली के अस्पताल में भर्ती कराया गया

**चंडीगढ़:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की सेहत में सुधार नहीं होने पर उन्हें शुक्रवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मान (51) पिछले दो दिनों से वायरल बुखार और पाचन संबंधी कुछ समस्याओं से ग्रस्त थे। शाम तक उनकी हालत में सुधार न होने पर उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों के मुताबिक अस्पताल में चिकित्सकों की एक टीम उनकी जांच कर रही है। तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को मान के सरकारी आवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। केजरीवाल बाढ़ की स्थिति का आकलन करने के लिए बुधवार शाम पंजाब पहुंचे थे और पहले उनका मुख्यमंत्री के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने का कार्यक्रम था।

### एबीवीपी सदस्य ने मंत्री ओपी राजभर को कानूनी नोटिस भेजा

**लखनऊ:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक सदस्य ने उत्तर प्रदेश के मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर पर इस विद्यार्थी संगठन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। एबीवीपी के सदस्य आदर्श तिवारी की ओर से यह नोटिस उनके वकील सिद्धार्थ शंकर दुबे और अनिमेष उपाध्याय द्वारा चार सितंबर को जारी किया गया है, जिसमें आरोप है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विद्यार्थी शाखा एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को राजभर द्वारा कथित तौर पर गुंडा कहना और विद्यार्थी प्रदर्शन में इनकी भूमिका की आलोचना इस संगठन से जुड़े लाखों विद्यार्थियों की मानहानि और अपमान जैसा है।

# मुख्यमंत्री योगी ने 81 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां शिक्षक दिवस समारोह में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र के 81 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से 66 बेसिक शिक्षा से और 15 माध्यमिक शिक्षा से थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा तैयार बाल कहानी संग्रह 'गुल्लक', 'बाल वाटिका' पुस्तिका और संकलन पुस्तिका 'उद्गम' का विमोचन किया। उन्होंने 'उद्गम' डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की भी शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 'गुल्लक' कहानी-पुस्तक का उद्देश्य छात्रों में नैतिक मूल्यों का संचार करते हुए शिक्षा को रोचक बनाना है, जबकि 'उद्गम' स्कूलों में नवीन प्रथाओं पर प्रकाश डालती है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभागों के ग्रीष्मकालीन शिविरों और वृक्षारोपण अभियान पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े पांच-पांच प्रधानाचार्य/शिक्षकों को सम्मान स्वरूप 25 हजार रुपये की धनराशि, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न के रूप में मां सरस्वती की प्रतिमा एवं शाल भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1236 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास का भी लोकार्पण किया और पांच विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को इस बाबत मंच से प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### उत्तर प्रदेश के नौ लाख शिक्षकों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ:** शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी शिक्षक अब कैशलेस इलाज की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा न सिर्फ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए होगी, बल्कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों तक को कवर करेगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि इस फैसले से लगभग नौ लाख शिक्षक परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। अब किसी भी बीमारी या आपातकालीन स्थिति में शिक्षकों और उनके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने इसे शिक्षकों के योगदान के प्रति सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, टैबलेट वितरण और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा, 'प्रदेश भर के शिक्षकों से यही कहूंगा कि आप लोग अच्छा करिए हम आपके साथ में हैं।

## भूटान के प्रधानमंत्री राम मंदिर का दर्शन करने अयोध्या पहुंचे



**अयोध्या (उप्र):** भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे शुक्रवार की सुबह चार घंटे की यात्रा के लिए अयोध्या पहुंचे और इस दौरान उनका राम मंदिर और अन्य देवी देवताओं का दर्शन करने का कार्यक्रम है। अधिकारियों ने बताया कि तोबगे भारतीय वायुसेना के एक विशेष विमान से सुबह साढ़े नौ बजे अयोध्या हवाईअड्डा पहुंचे जहां उनका जिला प्रशासन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने तोबगे की अगवानी की। हवाईअड्डा से उनका काफिला प्रयागराज और लखनऊ-गोरखपुर राजमार्ग से राम मंदिर पहुंचा जहां पीएसी, सीआरपीएफ, एसएसएफ, नागरिक पुलिस, एटीएस और एसटीएफ की तैनाती के साथ सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय दोनों ही तोबगे के दौरे की कड़ी निगरानी कर रहा है। अयोध्या में तोबगे का राम लला मंदिर, हनुमानगढ़ी और अन्य प्रमुख मंदिरों में जाकर दर्शन करने का कार्यक्रम है। उनके सम्मान में एक विशेष भोज का भी आयोजन किया गया है जिसमें राज्य और केंद्र के मंत्री शामिल हो सकते हैं। भूटानी प्रधानमंत्री के अयोध्या से करीब डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना होने की संभावना है।

## आरएसएस की तीन दिवसीय समन्वय बैठक जोधपुर में शुरू



**जोधपुर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके संबद्ध संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक शुक्रवार को यहां शुरू हुई। यह बैठक संगठन मंत्र के सामूहिक वाचन के साथ शुरू हुई। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बैठक के प्रथम सत्र में भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इस तीन दिवसीय बैठक (5-7 सितंबर) में संघ के 32 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। इसमें वर्षभर के कार्यों एवं उनके अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा। साथ ही, पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवन, स्व आधारित रचना, नागरिक कर्तव्य पालन), संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रयासों पर चर्चा होगी। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि बैठक में संगठनों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नये प्रयोगों की जानकारी दी। बैठक में प्रमुख रूप से सभी छह सह सरकार्यवाह, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, संगठन मंत्री मिलिंद परांडे, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शांता अक्का, प्रमुख कार्यवाहिका ए. सीता गायत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, संगठन मंत्री आशीष चौहान, सक्षम के अध्यक्ष डॉ. दयाल सिंह पवार, संगठन मंत्री चंद्रशेखर, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, संगठन मंत्री बी.एल. संतोष, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संगठन मंत्री अतुल जोग, सीमा जागरण मंच के संयोजक मुरलीधर भाग ले रहे हैं। बैठक परिसर में 500 वर्ष पूर्व औपनिवेशिकता के विरुद्ध भारतीय महिलाओं के संघर्ष की प्रतिमूर्ति रानी अब्बक्का द्वार और हल्दीघाटी द्वार बनाया गया है।

## शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है राजस्थान सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा




**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों के कल्याण, सम्मान व बेहतर कार्यदशा तथा विद्यार्थियों के उत्कृष्ट भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा ने यहां राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि उन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है, जो समाज का भविष्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन के शिल्पकार तथा राष्ट्र निर्माता हैं और राज्य सरकार शिक्षकों के साथ है, इसलिए शिक्षा क्षेत्र में अनेक सुधार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'विद्यार्थी अपने गुरु को देखकर ही जीवन मूल्यों को आत्मसात करता है। शिक्षक ज्ञान के साथ ही समाज के लिए उपयुक्त संस्कार और मूल्य भी प्रदान करते हैं। वह बच्चों में सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा भावना और राष्ट्र प्रेम के बीज बोते हैं।' उन्होंने कहा कि शिक्षक ही छात्रों को विनम्रता, ईमानदारी, दूसरों की सेवा ही सच्ची पूजा जैसे जीवन के महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिसके तहत शिक्षा विभाग में 20 हजार से अधिक नियुक्तियां की गयी हैं और 18 हजार से अधिक शिक्षकों के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

### बिहार : फतुहा रेलवे स्टेशन पर युवती से पिस्टल दिखा कर सामूहिक दुष्कर्म, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**पटना:** राजधानी पटना के फतुहा इलाके में 22 वर्षीय एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का कहना है कि उसे अगवा कर दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने पेट्रोलिंग गाड़ी से संपर्क किया और पूरी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फतुहा के एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपियों की पहचान सोनू कुमार उर्फ सोनू सन्नाटा और निरंजन कुमार के रूप में हुई है। सोनू कुमार फतुहा रेलवे कॉलोनी का निवासी है, जबकि निरंजन कुमार दोस्त मोहम्मदपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, सोनू सन्नाटा का आपराधिक इतिहास है तथा उस पर गोलीबारी, रंगदारी, मारपीट और दुष्कर्म समेत कुल नौ मामले दर्ज हैं। फिलहाल वह दो मामलों में वांछित था और हाल के दिनों में रंगदारी तथा जमीन की दलाली में सक्रिय था। पुलिस में दर्ज शिकायत में पीड़िता ने बताया है कि मंगलवार को फतुहा स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते समय दोनों आरोपियों ने उसे पिस्टल दिखाया, जबरन अपने साथ ले गए और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

### झारखंड: मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों की मौत, छह माओवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर:** झारखंड के पलामू में पुलिसकर्मियों के साथ हुई मुठभेड़ के संबंध में तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के छह सदस्यों के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गये और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, टीएसपीसी के स्वयंभू जोनल कमांडर शशिकांत गंझू, कार्यकर्ता मुखदेव यादव, उमेश सिंह खरवार, रोहिणी गंझू, कुलदीप और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव में बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े 12 बजे सुरक्षा बलों और प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ में कांस्टेबल संतन मेहता और सुनील राम शहीद हो गए जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया, जिसका मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज जारी है।

समाज्ञा

# व्यापार

## देश से कुल माल लदान में कोई कमी नहीं: सोनोवाल



**तूतीकोरिन:** अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के प्रभाव को लेकर जताई जा रही चिंताओं के बीच केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को दावा किया कि देश से होने वाले कुल माल लदान में कोई कमी नहीं आई है। मात्रा की दृष्टि से भारत का लगभग 90 प्रतिशत विदेशी व्यापार तथा मूल्य की दृष्टि से 70 प्रतिशत विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। जब वाशिंगटन द्वारा अमेरिका में आयात किए जाने वाले भारतीय सामानों पर लगाए गए 50 प्रतिशत के भारी शुल्क के प्रभाव के बारे में टिप्पणी करने के लिए कहा गया, तो सोनोवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने भारत से कुल माल लदान में कोई कमी नहीं देखी है।'' भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। अमेरिका द्वारा 27 अगस्त को 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने अगले दौर की बातचीत के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया, जो 25 अगस्त से निर्धारित था। छठे दौर की वार्ता के लिए अभी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है।

### स्विगी ने त्योहारों के मौसम के लिए इंस्टेंट गिफ्टिंग प्लेटफॉर्म 'गिफ्टेबल्स' लॉन्च किया

कोलकाता : ऑन-डिमांड कंवीनियंस प्लेटफ़ॉर्म स्विगी लिमिटेड ने गिफ्टिंग स्पेस में कदम रखते हुए नया इंस्टेंट गिफ्टिंग प्लेटफॉर्म 'गिफ्टेबल्स' लॉन्च किया है। इसके ज़रिए उपयोगकर्ता केक, फूल, चॉकलेट, परफ़्यूम, इलेक्ट्रॉनिक्स और खिलौनों जैसे 10,000 से अधिक क्यूरेटेड गिफ्ट विकल्प चुनकर एक ही ऑर्डर में मिनटों में डिलीवर करा सकेंगे। यह सेवा फिलहाल बैंगलोर में शुरू हुई है और जल्द ही मुंबई, दिल्ली समेत अन्य मेट्रो शहरों में उपलब्ध होगी। कंपनी का कहना है कि गिफ्टेबल्स आखिरी समय और पहले से योजना बनाकर गिफ्टिंग दोनों को आसान बनाएगा। गिफ्टेबल्स की खासियत है कि इसमें उपयोगकर्ता विभिन्न कॉम्बिनेशन को पर्सनलाइज़ कर सकते हैं - जैसे बेकरी का केक फूलों के साथ या मिठाई परफ़्यूम के साथ। डिलीवरी गिफ्टर या सीधे प्राप्तकर्ता तक 10 से 60 मिनट में होगी। स्विगी के सह-संस्थापक एवं चीफ़ ग्रोथ ऑफ़िसर फणी किशन ने कहा, गिफ्टेबल्स के साथ हम गिफ्टिंग की आखिरी मिनट की परेशानी को हल कर रहे हैं। उपयोगकर्ताओं को अब उच्च-गुणवत्ता वाले विकल्प एक घंटे से भी कम समय में मिल जाएंगे। कंपनी जल्द ही एक एआई-पावर्ड गिफ्टिंग चैटबॉट भी पेश करेगी, जो अवसर, रिश्ते और प्राप्तकर्ता की पर्सनैलिटी के आधार पर गिफ्ट सुझाएगा।

### हंसग्रोहे ने भारत में पेश की अवॉर्ड-विनिंग रेनडांस अलाइव शॉवर सीरीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रीमियम जर्मन ब्रांड हंसग्रोहे ने भारतीय बाजार में अपनी अवॉर्ड-विनिंग शॉवर सीरीज रेनडांस अलाइव पेश की है। यह नई पेशकश शॉवर डिजाइन, वेलनेस और पर्यावरण के अनुकूल इनोवेशन का बेहतरीन मेल है। रेनडांस अलाइव को भारत में हंसग्रोहे के 200 प्रीमियम रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध कराया गया है। इस शॉवर में तीन स्प्रे मोड्स-पाउडररेन, रेनएयर और मसाज-उपलब्ध हैं, जो विभिन्न मूड और जरूरत के हिसाब से चुने जा सकते हैं। मेश-इफेक्ट कवर और सपाट, बिल्ट-इन लुक इसे आधुनिक और स्लीक डिजाइन देता है। ईकोस्मार्ट और ईकोस्मार्ट+ तकनीक के माध्यम से यह शॉवर पानी की 60% तक बचत करता है। हंसग्रोहे इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर, विशाल गुप्ता ने कहा कि रेनडांस अलाइव नए जमाने के भारतीय ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है, जो सस्टेनेबिलिटी और डिजाइन से समझौता नहीं करते। इसकी रेंज में ओवरहेड शॉवर, हैंड शॉवर, थर्मोस्टेट और पाइप कॉन्फ़िगरेशन शामिल हैं।

## सरकार सुनिश्चित करेगी, जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले: सीबीआईसी चेयरमैन



**नयी दिल्ली:** सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले। इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों समेत समूची स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'सरकार जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सीबीआईसी, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों और पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है।' अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में यह भी कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों के तहत एक तरह के सामान को एक ही कर दायरे में लाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने से विवादों में कमी आने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। तंबाकू और संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामानों पर दरें कम की गयी हैं। अग्रवाल ने कहा, ''हम कीमतों के रुख पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अभी सामानों की क्या कीमत है और जीएसटी में सुधारों के बाद आगे क्या रुझान रहने वाला है। कंपनियों पर भी हमारी नजर होगी।'' सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा, 'अगर दर कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत आती है, हम उसे उद्योग संगठनों के पास ले जाएंगे। उद्योग संगठनों ने कहा है कि दरों में कटौती से जो भी लाभ होगा, उसका फायदा ग्राहकों को दिया जाएगा।' अग्रवाल ने कहा, ''सरकार ने कदम उठाया है, प्रक्रिया को सरल किया गया है। उद्योगों को एक निश्चितता दी गयी है। ऐसे में उनका भी दायित्व बनता है। हमें पूरा विश्वास है कि वे जो भी लाभ हैं, ग्राहकों को देंगे।' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'जो माल पहले से बाजार में है और उस पर एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) छपा है, उनमें 10 से 15 दिनों में बदलाव कर पाना थोड़ा मुश्किल लगता है लेकिन आपूर्ति शृंखला में बाजार में माल ज्यादा होते नहीं हैं। जो भी नई खेप आएगी, उसमें चीजें ठीक हो जाएंगी।'

### टाटा मोटर्स के यात्री वाहन 22 सितंबर से 1.45 लाख रुपये तक होंगे सस्ते

**नयी दिल्ली:** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को कहा कि वह जीएसटी दर में हुई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देने के इरादे से अपने यात्री वाहनों की कीमतों में 65,000 रुपये से लेकर 1.45 लाख रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने कहा कि यात्री वाहनों की कीमतों में यह कटौती 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएगी। कंपनी का यह फैसला जीएसटी परिषद के बुधवार को लिए गए फैसले के अनुरूप है। इसमें यात्री वाहनों के लिए कर की दरों में कटौती का फैसला किया गया था। मुंबई स्थित कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा मोटर्स की छोटी कार टियागो अब 75,000 रुपये सस्ती हो जाएगी जबकि टिगोर के दाम में 80,000 रुपये और अल्ट्रोज के दाम में 1.10 लाख रुपये की कटौती होने जा रही है। इसी तरह कॉम्पैक्ट एसयूवी 'पंच' की कीमत 85,000 रुपये और नेक्सॉन की कीमत 1.55 लाख रुपये तक घट जाएगी।

### ओयो का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना होकर 200 करोड़ रुपये, 1:1 बोनस शेयर का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली:** ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने शुक्रवार को शीर्ष प्रबंधन को भेजे एक ईमेल में बताया कि मजबूत राजस्व वृद्धि से पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 200 करोड़ रुपये रहा। इस ईमेल की प्रति 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद है। इसके अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में कंपनी का राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 2,019 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,371 करोड़ रुपये था। अग्रवाल ने ईमेल में कहा कि राजस्व वृद्धि की मुख्य वजह होटल 'इन्वेंट्री' का प्रीमियमीकरण और कमरों का बेहतर उपयोग है। ओयो ने पिछले वर्ष की इसी (अप्रैल-जून) तिमाही में 87 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कंपनी ने 1:1 अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी मांगी है, जिससे इसकी अधिकृत शेयर पूंजी दोगुनी होकर 24,31,13,59,300 रुपये हो जाएगी। इसने ईएसओपी पूल को 8.8 करोड़ शेयर विकल्प तक बढ़ाने का भी प्रस्ताव दिया है। शेयरधारकों को दी गई सूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ऋण चुकौती के कारण एकमुश्त असाधारण लागत को समायोजित करने के बाद ओयो का शुद्ध लाभ 245 करोड़ रुपये रहा।

### ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पिचाई, नडेला सहित प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों की मेजबानी की



वॉशिंगटन: अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला और गूगल के प्रमुख सुंदर पिचाई सहित प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों के शक्तिशाली समूह की मेजबानी की। ट्रंप ने इस मौके पर कहा कि यह ' उच्च आईक्यू वाला समूह 'व्यवसाय में क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। ट्रंप ने कहा,' सबसे प्रतिभाशाली लोग इस मेज के चारों ओर एकत्रित हुए हैं। यह निश्चित रूप से एक उच्च आईक्यू (इंटेलिजेंस कोशेंट) वाला समूह है और मुझे इन पर बहुत गर्व है।' प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों का यह समूह अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में एक लंबी मेज के इर्द-गिर्द बैठा था। मेज के एक ओर प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और अरबपति परोपकारी बिल गेट्स और दूसरी तरफ मेटा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग बैठे थे। पिचाई और एप्पल के सीईओ टिम कुक, ट्रंप के सामने वाली मेज पर बैठे थे जबकि नडेला मेज के एक छोर पर बैठे थे। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा, 'इन लोगों के समूह के साथ यहां मौजूद होना मेरे लिए सम्मान की बात है। वे व्यापार, प्रतिभा और हर उस काम में क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 900 रुपये उछलकर रिकॉर्ड स्तर के करीब, चांदी स्थिर

**नयी दिल्ली:** स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब 1,06,970 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये फिसलकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा 16-17 सितंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प चुनने की संभावना के बीच तेजी को गति मिल रही है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 900 रुपये बढ़कर 1,06,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

### अदाणी पावर को 1:5 के अनुपात में शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली:** अदाणी पावर को एक अगस्त 2025 को जारी डाक मतपत्र नोटिस के जरिये 1:5 के अनुपात में शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एक अगस्त की डाक मतपत्र नोटिस में उल्लिखित आवश्यक बहुमत के साथ प्रस्ताव को विधिवत पारित माना गया है। 10 रुपये मूल्य के प्रत्येक शेयर को दो रुपये अंकित मूल्य वाले पांच पूर्ण चुकता शेयर में विभाजित किया जाएगा, जो सभी दृष्टियों से समान होंगे। मतदान छह अगस्त सुबह नौ बजे से चार सितंबर को शाम पांच बजे तक चला। अदाणी पावर ने बताया कि निदेशक मंडल ने एक अगस्त 2025 को अपनी बैठक में खुदरा एवं छोटे निवेशकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शेयर विभाजन को मंजूरी दी। कंपनी ने बताया कि शेयर के उप-विभाजन/विभाजन के कारण कंपनी की अधिकृत, जारी, अभिदत्त और चुकता शेयर पूंजी में कोई बदलाव नहीं होगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.39 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.69 अरब डॉलर बढ़कर 583.94 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.77 अरब डॉलर बढ़कर 86.77 अरब डॉलर हो गया।

### रग उत्सव 2025: जयपुर रग्स का भव्य आयोजन, जहां लग्जरी और विरासत मिलकर गढ़ते नई पहचान

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक स्तर पर शिल्प और सामाजिक उद्यमिता का प्रतीक जयपुर रग्स अपने वार्षिक रग उत्सव 2025 का आयोजन 3 सितंबर से कर रहा है। इस बार 14,000 से अधिक हैंडमेड रग्स प्रदर्शित होंगे, जो भारतीय बुनाई परंपरा और आधुनिक डिज़ाइन का अद्भुत संगम पेश करेंगे। उत्सव की खास झलक है 200 से अधिक अनोखे मनचाहा कलेक्शन रग्स, जिन्हें ग्रामीण कारीगरों ने अपनी कल्पनाओं से बुना है। साथ ही 2,000 विंटेज और 250 एंटीक रग्स भी प्रदर्शनी का हिस्सा होंगे। पहली बार पूरे संग्रह पर 60% तक की छूट दी जा रही है। जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी के अनुसार, यह उत्सव केवल डिजाइन शोकेस नहीं बल्कि विरासत, गरिमा और उद्देश्य का प्रतीक है। इस वर्ष की आय का हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व स्वच्छ जल सुविधाओं हेतु समर्पित होगा। रग उत्सव का अनुभव दिल्ली, मुंबई, जयपुर समेत प्रमुख फ्लैगशिप स्टोर्स और ऑनलाइन पर किया जा सकेगा।

**न्यूज इन ब्रीफ**

### सेना ने लद्दाख में दो दक्षिण कोरियाई पर्वतारोहियों को बचाया; एक की मौत

**लेह/जम्मू :** भारतीय सेना ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की एक चोटी से एक ट्रैकिंग अभियान के दौरान गंभीर रूप से बीमार दो दक्षिण कोरियाई नागरिकों को बचा लिया है। हालाँकि, एक पर्वतारोही की इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फायर एंड फ्यूरी कोर ने 'एक्स' पर कहा, ''चार सितंबर को एक पर्वतारोहण अभियान के दौरान लद्दाख की एक दुर्गम चोटी, कोंगमारुला के पास दो दक्षिण कोरियाई नागरिक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए।'' पोस्ट में कहा गया है कि फायर एंड फ्यूरी कोर के आर्मी एविएशन हेलीकॉप्टरों ने 17,000 फुट की ऊँचाई पर रात में बचाव अभियान चलाया, ताकि पर्वतारोहियों को आगे के इलाज के लिए लेह के एसएनएम अस्पताल में समय पर पहुँचाया जा सके।

### ओडिशा में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान 511 लोग गिरफ्तार

**भुवनेश्वर :** ओडिशा आबकारी विभाग ने राज्यव्यापी अभियान के दौरान अवैध शराब और मादक पदार्थों के धंधे में कथित संलिप्तता के मामले में 511 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, एक से चार सितंबर के बीच की गई इस कार्रवाई में आबकारी प्रवर्तन टीम ने 902 मामले दर्ज किए और 3.91 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ एवं शराब जब्त की। बयान में बताया गया कि इस दौरान स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) कानून के तहत 29 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 320 किलोग्राम गांजा और 560 ग्राम ब्राउन शुगर की जब्ती की गई। आबकारी विभाग की टीम ने चार सितंबर को 254 मामलों का पता लगाया, 148 लोगों को गिरफ़्तार किया, और 1.39 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध सामग्री ज़ब्त की। विभाग ने अपने बयान में कहा कि अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अमल जारी रहेगा और पूरे राज्य में लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र इस बात पर निगरानी रखेगा कि जीएसटी का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे: गोयल




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखेगा कि जीएसटी को तर्कसंगत बनाने का लाभ उपभोक्ताओं तक पूरी तरह से पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योग जगत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि विभिन्न वस्तुओं पर करों में पूरी तरह से कमी उनकी कीमतों में दिखाई देगी। जीएसटी परिषद का अहितकर वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने और कई आवश्यक वस्तुओं पर कर शून्य करने का निर्णय 22 सितंबर, नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गोयल ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के अमेरिका के फैसले ने मोदी सरकार को सुधारों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया होगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्यों और केंद्र के सचिवों और वित्त मंत्रियों के बीच लगभग एक साल तक चले विचार-विमर्श का परिणाम है। गोयल ने कहा, ''इस फैसले (जीएसटी) का किसी भी देश के किसी भी फैसले से कोई संबंध नहीं है। इतना बड़ा बदलाव रातोंरात नहीं हो सकता।'' उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का फैसला पिछले महीने ही लिया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी बनाए रखेगा कि उपभोक्ताओं को कम करों का पूरा लाभ मिले, लेकिन राज्यों को भी इसकी निगरानी करनी चाहिए। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने सरकार पर वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था को 'देरी से' तर्कसंगत बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अक्षमता उजागर कर दी है क्योंकि वे 2004-14 के दौरान सत्ता में रहते हुए जीएसटी लागू नहीं कर सके और केवल 'भ्रष्टाचार' में व्यस्त रहे।

# 81 शिक्षकों को अनूठी विधियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया




**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 81 शिक्षकों को उनकी अनूठी शिक्षण पद्धतियों के लिए शुक्रवार को इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इन अनूठी शिक्षण पद्धतियों में ताड़ के पत्ते की पांडुलिपियां बनाने से लेकर, तंत्रिका मनोविज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना, भारतीय ज्ञान प्रणालियों के साथ रंगमंच अध्ययन को एकीकृत करने, महिला सुरक्षा ऐप विकसित करने से लेकर कठपुतली शो तक शामिल हैं। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस के मौके पर विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में शिक्षकों को ये पुरस्कार प्रदान किए। ओडिशा के मलकानगिरि में सरकारी एनयूपीएस कोंडेल स्कूल के शिक्षक बसंत कुमार राणा को उनके अभिनव शिक्षण और सामुदायिक सहभागिता के लिए पुरस्कार के लिए चुना गया है, जिससे छात्रों की उपस्थिति और भागीदारी में सुधार हुआ। शिक्षा मंत्रालय ने कहा, ''जागरूकता रैलियों, रोड शो, कठपुतली शो और एक मासिक मोबाइल सामुदायिक पुस्तकालय के माध्यम से, उन्होंने स्कूल-समाज के बीच जुड़ाव को मजबूत किया।'' लक्षद्वीप के सरकारी जूनियर बेसिक स्कूल मूला एंड्रोथ के इब्राहिम एस लोगों के घरों पर जाकर और व्यक्तिगत सहायता के माध्यम से छात्रों को स्कूल वापस लाये और साथ ही ग्रीन लाइब्रेरी, खेल के मैदान और ''एक छात्र के लिए एक पौधा'' परियोजना जैसी योजनाओं के साथ एक सकारात्मक माहौल का निर्माण किया, जिससे स्वास्थ्य, रचनात्मकता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा मिला।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने आधिकारिक आवास पर बागेश्वर धाम के महंत से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बागेश्वरधाम के महंत धीरेन्द्र शास्त्री से अपने आधिकारिक आवास पर मुलाकात की, जहां उन्होंने और उनके परिवार ने शास्त्री से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,''बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी मुख्यमंत्री जनसेवा सदन पधारे। स्नेहिल भेंट के लिए आभार।''मुख्यमंत्री के मुताबिक, उन्होंने और उनके परिवार ने शास्त्री से आशीर्वाद लिया और दिल्ली के विकास के लिए प्रार्थना की। गुप्ता ने कहा, '' मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में बागेश्वर धाम के पूजनीय आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जी का पावन आगमन हुआ। उनकी ऊर्जा समाज को सेवा, श्रद्धा और सनातन संस्कारों से जोड़ती है। जनसेवा के इस महायज्ञ में उनकी सहभागिता जनभावनाओं को और भी सशक्त बनाती है तथा हमें निरंतर यह प्रेरणा देती है कि 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है'।''

## चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती : प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान



**नयी दिल्ली :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि चीन के साथ अनसुलझा सीमा विवाद भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है तथा पाकिस्तान द्वारा चलाया जा रहा ''छद्म युद्ध'' और ''हजारों जख्मों से भारत को लहूलुहान करने'' की उसकी नीति दूसरी सबसे गंभीर चुनौती है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल चौहान ने क्षेत्रीय अस्थिरता और उसके भारत पर प्रभाव को तीसरी बड़ी चुनौती के रूप में तथा तेजी से बदलते चुनौतीपूर्ण माहौल में उच्च प्रौद्योगिकी से युक्त भविष्य के युद्धक्षेत्र परिदृश्यों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों को चौथी बड़ी चुनौती के रूप में चिह्नित किया। जनरल चौहान ने कहा कि परमाणु हथियारों से लैस दो प्रतिद्वंद्वियों से उत्पन्न खतरों से निपटना भारत के समक्ष एक और बड़ी चुनौती है, क्योंकि उसे किसी भी तरह के पारंपरिक युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी गई थी और इसका उद्देश्य न केवल पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना था, बल्कि सीमा पार से होने वाले आतंकवाद पर एक ''लक्ष्मण रेखा'' भी खींचना था। जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया था, जिसमें पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में, सीडीएस ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने सेना को मार्गदर्शन प्रदान करने के संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' की योजना बनाने और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें लक्ष्य चयन, सैनिकों की तैनाती आदि के लिए रूपरेखा और कूटनीति का उपयोग शामिल था। जनरल

## भ्रष्टाचार के आरोपों की स्वतंत्र जांच को मंजूरी न दें जोन : रेलवे बोर्ड

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोन के अधिकारियों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामलों की जांच के लिए स्वतंत्र मंजूरी देने से परहेज करने का निर्देश दिया है। बोर्ड ने कहा कि यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के निर्देशों का उल्लंघन है क्योंकि ऐसी मंजूरी उसके सतर्कता विभाग द्वारा दी जानी चाहिए। रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को संबोधित एक हालिया परिपत्र में कहा, ''रेलवे बोर्ड सतर्कता के संज्ञान में आया है कि कुछ जोनल रेलवे/उत्पादन इकाइयां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 17ए के तहत स्वतंत्र रूप से अनुमति दे रही हैं।'' परिपत्र में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों को उद्धृत किया गया है, जिसके अनुसार, सरकारी कर्तव्यों का निर्वहन करते समय की गई किसी सिफारिश या निर्णय के लिए किसी लोक सेवक के विरुद्ध जांच सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं की जा सकती। परिपत्र में क्षेत्रीय अधिकारियों को सलाह दी गई है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत राजपत्रित और अराजपत्रित दोनों अधिकारियों के संबंध में अनुमति के लिए अनुरोध को सक्षम प्राधिकारी की आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए रेलवे बोर्ड सतर्कता को भेजा जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ''ऐसी कोई भी मंजूरी जोन के स्तर पर नहीं दी जानी चाहिए।''

## दिल्ली पुलिस ने 6.4 करोड़ रुपये के शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली : दो लोगों को अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों को अपने बैंक खाते उपलब्ध कराकर करोड़ों रुपये के शेयर बाजार घोटाले में कथित रूप से मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड निवासी आरोपी मोहम्मद असीम अली खान और महाराष्ट्र निवासी ऋषिकेश जयवंत कांबले उस संगठित साइबर अपराध गिरोह के लिए 'पेशेवर खाता प्रदाता' के रूप में काम करते थे जो फर्जी आईपीओ फंडिंग और उच्च रिटर्न वाली शेयर बाजार निवेश योजनाओं के जरिए निवेशकों को ठगते थे। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों को सोशल मीडिया पर बने ग्रुप के माध्यम से फर्जी 'ट्रेडिंग एप्लीकेशन' डाउनलोड करने के लिए लुभाया गया और फिर बड़ी रकम अंतरित करने के लिए राजी किया गया। निवेशकों के धन को कई स्तरों पर बैंक खातों के माध्यम से भेजा गया - यह एक ऐसा तरीका है जिसका उपयोग कई बैंक खातों के माध्यम से धन शोधन के लिए किया जाता है, ताकि असल स्रोत का पता लगाना कठिन हो जाए।

## सरकार ने सड़क दुर्घटना के शिकार दिव्यांग लोगों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का मसौदा जारी किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने दिव्यांगजनों के अनुकूल एम्बुलेंस, घायलों को प्राथमिकता के आधार पर निकालने, प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले प्रशिक्षित लोगों, सुलभ सार्वजनिक परिवहन और सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए व्यापक पुनर्वास योजनाओं को अनिवार्य बनाने हेतु मसौदा दिशानिर्देश प्रस्तावित किए हैं। वास्तविक समय पर अलर्ट जारी करने और सुव्यवस्थित मुआवजे के दावों के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा तैयार मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को दुर्घटना रिपोर्टिंग डेटाबेस और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) प्रणाली के साथ जोड़ा जाता है। सार्वजनिक परामर्श के लिए ये मसौदा दिशानिर्देश पिछले महीने जारी किए गए थे। यह मसौदा उच्चतम न्यायालय के 2014 के निर्देश के अनुपालन में तैयार किया गया है, जिसमें सरकार को सड़क सुरक्षा और आघात के बाद की देखभाल के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का दायित्व सौंपा गया था।

## ओणम त्योहार के दौरान केरल में 826 करोड़ रुपये की शराब बिकी



**तिरूवनंतपुरम :** केरल राज्य पेय निगम (केएसबीसी) ने प्रदेश में ओणम पर्व मनाये जाने के दौरान, अपने विक्रय केंद्रों से 826.38 करोड़ रुपये की शराब बेची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केएसबीसी द्वारा शुक्रवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 25 अगस्त से चार सितंबर तक शराब की बिक्री में पिछले साल के ओणम त्योहार के दौरान की समान अवधि की तुलना में 6.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2024 में इसी अवधि के दौरान 776.82 करोड़ रुपये की बिक्री हुई थी। आंकड़ों के अनुसार, ओणम से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को केरल राज्य पेय पदार्थ (विनिर्माण एवं विपणन) निगम लिमिटेड (बेवको) के विक्रय केंद्रों से 137.64 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री हुई, जबकि पिछले साल इस दिन 126.01 करोड़ रुपये की बिक्री हुई थी। इस तरह, इसमें 9.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। करुनागप्पल्ली स्टोर ने उत्रादम (ओणम से एक दिन पहले) पर राज्य में सबसे अधिक 1.46 करोड़ रुपये की शराब बेची। आंकड़ों के अनुसार, इसके बाद कोल्लम स्थित कवनाड आश्रमम विक्रय केंद्र (1.24 करोड़ रुपये) और मलप्पुरम स्थित कुट्टिप्पला एडप्पल विक्रय केंद्र (1.11 करोड़ रुपये) का स्थान रहा। राज्य में वर्तमान में 278 बेवको विक्रय केंद्र और 155 स्वयं-सेवा स्टोर हैं।




### बीसीसीआई ने भारतीय टीम की जर्सी प्रायोजन की दरों में बढ़ोतरी की

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी को अब प्रायोजित करना और महंगा हो जाएगा क्योंकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए दाम प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपये कर दिये हैं। ' क्रिकबज ' की एक रिपोर्ट के अनुसार , नयी दरें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा स्वीकृत और आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ये आंकड़े मौजूदा दरों से थोड़े ज्यादा हैं।

# भारत का महिला एशिया कप हॉकी में शानदार आगाज, थाईलैंड को 11-0 से हराया



**हांगझोउ (चीन) :** उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे। वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाये और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा।

## विश्व चैंपियनशिप: दीपिका पदक जीतने की कोशिश करेंगी, गाथा भारत की अगली पीढ़ी का नेतृत्व करेंगी



**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया) :** अपने करियर के अंतिम पड़ाव में अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी एक बार फिर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने की कोशिश करेंगी जिसमें भारत 15 साल की गाथा खडके की अगुआई में अगली पीढ़ी का प्रदर्शन करने को तैयार है। पुणे की गाथा ने राष्ट्रीय ट्रायल्स में चमकदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए सीनियर टीम में अपनी जगह पक्की की। अनुभवी दीपिका और अंकिता भकत के साथ गाथा की उपस्थिति ने अतीत और भविष्य की तीरंदाजों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर प्रतिस्पर्धा करने का मंच तैयार कर दिया है। ट्रायल्स में अव्वल रहीं दीपिका के साथ अंकिता और गाथा ने भारत की तीन सदस्यीय रिकर्व महिला टीम बनाई। गाथा ने जुलाई में मैड्रिड में पदार्पण किया था और चीनी ताइपे की ओलंपियन और विश्व कप पदक विजेता चिउ यी-चिंग को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। उनका अंतिम-16 में पहुंचना इस प्रतियोगिता में भारतीय महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा जिससे वह दीपिका और अंकिता से आगे हो गईं। वहीं मां बनने के बाद 31 वर्षीय दीपिका के लिए विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का एक और मौका है क्योंकि ओलंपिक के साथ यह पदक भी उनकी कैबिनेट में नहीं है। 2011 में पहली बार हिस्सा लेने बाद से इस सबसे प्रतिष्ठित भारतीय तीरंदाज ने केवल टीम रजत पदक (2011, 2015) जीते हैं लेकिन कोई व्यक्तिगत पदक नहीं जीता है। यह उनकी छठी विश्व चैंपियनशिप होगी।

## सुमित, नीरज ने मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप में विजयी आगाज किया



**लिवरपूल :** भारतीय मुक्केबाज सुमित कुंडू ने शुक्रवार को यहां पुरुष मिडिलवेट वर्ग में जॉर्डन के मोहम्मद अल हुसैन को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सुमित ने मुकाबले के शुरुआती दौर से ही दबदबा कायम करते हुए अल हुसैन को रक्षात्मक होने पर मजबूर कर दिया। दोनों मुक्केबाजों ने कई बार सटीक मुक्के मारे लेकिन सुमित लगातार हावी रहे। उनके दमदार बैकहैंड ने जॉर्डन के मुक्केबाज के रक्षण को लगातार भेदा। भारतीय मुक्केबाज ने दूसरे चरण में बड़ी बढ़त कायम कर ली। अल हुसैन ने आखिरी क्षणों में वापसी की कोशिश लेकिन लेकिन सुमित को जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। सेना के इस जवान के सामने अब अंतिम 16 में बुल्गारिया के मौजूदा यूरोपीय चैंपियन और पेरिस ओलंपियन रमी किवान की चुनौती होगी। महिला 65 किलोग्राम वर्ग में नीरज ने कड़े मुकाबले में फिनलैंड की क्रिस्टा कोवालेनेन को 3-2 के खंडित फैसले से हराया। सनामाचा चानू ने बृहस्पतिवार देर रात महिला 70 किलोग्राम वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क की डिट्टे फ्रॉस्टहोम को 4-1 से मात दी। सनामाचा ने अपने कद का फायदा उठाते हुए अपनी प्रतिद्वंद्वी को कई करारे मुक्के जड़े। मणिपुर की इस मुक्केबाज को अब कजाखस्तान की विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता नतालिया बोगदानोवा से भिड़ना होगा। हर्ष चौधरी को हालांकि हैवीवेट वर्ग में निराशा हाथ लगी।

## एशिया कप : चीन को हराकर फाइनल में पहुंच जाएगा भारत, मैन इन ब्लूज को झोंकनी होगी पूरी ताकत



**राजगीर :** फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरूष हॉकी टीम को एशिया कप में शनिवार को सुपर 4 चरण के आखिरी मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत चीन के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया से 2 . 2 से ड्रॉ के बाद भारत ने दूसरे सुपर 4 मैच में मलेशिया को 4 . 1 से हराया। इस जीत से चीन के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम का मनोबल बढा होगा। भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जायेंगी और भारत के लिये एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया हालांकि शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही। भारत ने शुरूआती गोल गंवा दिया लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। मलेशिया पर मिली जीत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि अभी भी यह टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है और भारतीय खिलाड़ियों को पता है कि उनसे अपेक्षायें बहुत ज्यादा है। सवाल यह है कि वे अपेक्षाओं पर कैसे खरे उतरें और इसका जवाब भी आसान है कि बारीकियों पर ध्यान देकर अपने प्रदर्शन में और सुधार किया जाये। टूर्नामेंट में अभी तक मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राजिंदर सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा खेल दिखाया है। मलेशिया के खिलाफ फॉरवर्ड पंक्ति से उनका तालमेल कमाल का था। हार्दिक ने खास तौर पर तेज ड्रिबलिंग और अकेले गेंद लेकर दौड़ते हुए कई मौके बनाये। बरसों से भारतीय हॉकी की सेवा कर रहे मनप्रीत ने दिखा दिया कि अभी भी उनके भीतर जीत की भूख कम नहीं हुई है। उन्होंने न सिर्फ मौके बनाये बल्कि गोल के सूत्रधार भी रहे।

## अगर आप संजू जैसे खिलाड़ी को चुनते हैं तो उसे रिजर्व में नहीं रख सकते: गावस्कर



**नयी दिल्ली :** महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर का मानना है कि अगर संजू सैमसन जैसी काबिलियत वाले खिलाड़ी को 15 सदस्यीय भारतीय टीम में चुना जाता है तो आगामी एशिया कप में अंतिम एकादश चुनते समय उन्हें निश्चित रूप से बाहर नहीं रखा जा सकता। गावस्कर केरल के इस धाकड़ खिलाड़ी को अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना चाहते हैं। गिल के टी20 टीम में उप कप्तान के रूप में वापसी करने के बाद यह तय था कि उन्हें फिर से पारी आगाज करने का मौका मिलेगा। टीम प्रबंधन के सामने अब मुश्किल फैसला है कि सैमसन को अंतिम एकादश में रखा जाए या उनके लिए शीर्ष तीन में जगह बनाई जाए या फिर जितेश शर्मा को खिलाया जाए जो फिनिशर की भूमिका से अच्छी वाकिफ हैं। गावस्कर ने नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले कहा, ''अगर आप संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी को कोर टीम में लेते हैं तो आप उन्हें रिजर्व में नहीं छोड़ सकते। '' उन्होंने कहा, ''हां, मुझे लगता है कि किसी भी चयन समिति के लिए यह एक बहुत बड़ा सिरदर्द है कि आपके पास दो काबिल बल्लेबाज हों और संजू सैमसन जैसा कोई खिलाड़ी हो जो शायद तीसरे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सके और जरूरत पड़ने पर छठे नंबर पर 'फिनिशर' के तौर पर उतर सके। ''

JAI GURU NANA Om Shri Mahaviraya Namah JAI GURU RAM

# Smriti Sabha

20.09.1954



05.09.2025

## Sunderlal Ji Dugar

(Continues to serve humanity through **Body Donation**)

**Son of Late Motilal Ji Dugar**

(Deshnok – Kolkata)

**Smriti Sabha**

**Saturday, 6th September 2025, 3.00 P.M - 5.30 P.M**

**(Venue – Ganpati's Rajesh 27 Ballygunj Park, Kolkata 700019)**

In Grief :

**Bhikham Chand Dugar**
**Kusum Devi Dugar**
**Sohan Lal, Kaushal Dugar**
**Vinod - Sheetal Dugar**
**Rekha • Raunak • Gunjan**
**Ravi - Manisha Pincha**
**Yashaswi - Manaswi - Suhasini Dugar**
**Entire Dugar and Sethia Family**

RDB GROUP

All members of RDB Group

RSVP - RDB Group: M.No. +91 98319 09393 | condolences@rdbindia.com


वर्ष 10, पूर्णांक 3349 अंक 159, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in